नई दिल्ली
बुधवार
08 मई, 2024
वर्ष: 10, अंक: 246
पृष्ठ: 08, मूल्य 2 रु0
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

सद्भावना टुडे

आवाज़ अधिकार की

आईपीएल: दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स...पेज-07

DELHIN/2014/58158

प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया के बाद मुसलमानों के...पेज-05

हिन्दी में प्रकाशित होने वाला सबसे लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र
'सद्भावना टुडे'
में विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :-
011-43678240
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

लोस चुनाव: तीसरे चरण में भी 2019 के मुकाबले कम मतदान

चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक 61 प्रतिशत के लगभग मतदान हुआ

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के साथ ही मंगलवार को लोकसभा की आधे से अधिक सीटों पर चुनाव संपन्न हो गया। इस चरण में 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों पर कई दिग्गज नेताओं समेत 1331 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। जिन दिग्गज नेता के भाग्य का फैसला इसी चरण की वोटिंग से होना है वो हैं, गांधीनगर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुना में ज्योतिरादित्य सिंधिया, विदिशा में शिवराज सिंह चौहान, राजगढ़ में दिग्विजय सिंह, मैनपुरी में डिंपल यादव, रत्नागिरी सिंधु दुर्ग में नारायण राणे, आगरा में एसपी सिंह बघेल, पोरबंदर में डॉ. मनसुख मांडविया, धारवाड़ में प्रहलाद जोशी, बेलगाम में पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार और हावेरी में बसवराज बोम्मई।

देर शाम चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, सभी सीटों पर 61 प्रतिशत के लगभग मतदान दर्ज किया गया, जो 2019 में हुए मतदान के मुक़ाबले कम हैं। हालांकि, मतदान के अंतिम आंकड़े फॉर्म 17ए की जांच के बाद ही जारी किए जाएंगे। दूसरी तरफ़ इस चरण में राज्यवर आँकड़ों पर नज़र डालें तो हमें पता चलता है कि असम में 75.30, उत्तर प्रदेश में 57.34, कर्नाटक में 68.02, गुजरात में 56.77, गोवा में 74.27, छत्तीसगढ़ में 66.99, दादर और नगर हवेली एवं दमन और दीव में 65.23, पश्चिम बंगाल में 73.93, बिहार में 56.55, मध्य प्रदेश में 63.09, महाराष्ट्र में 54.77 फ़ीसदी मतदान हुआ है। और सीटों की बात करें तो तीसरे चरण में कुल 93 सीटों पर मतदान हुआ। इनमें उत्तर प्रदेश की 10, महाराष्ट्र की 11, असम की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात, गुजरात की 25, कर्नाटक की 14, मध्य प्रदेश की नौ, पश्चिम बंगाल की चार, गोवा, दादर नगर हवेली और दमन और दीव की दो-दो सीटों पर मतदान हुआ। इस चरण के समापन के साथ ही तमिलनाडु, केरल, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक, असम, दमन और दीव, दादरा एवं नगर हवेली, गोवा, असम त्रिपुरा, मणिपुर, मेघायल, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में चुनाव प्रक्रिया समाप्त हो गई। अब चार जून को मतगणना होगी। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, भाजपा का प्रदर्शन पहले और दूसरे चरण के मुकाबले तीसरे चरण वाली सीटों पर ज्यादा बेहतर हो सकता है। 2019 में भाजपा ने 92 में से 72 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वैसे पहले माना जाता था कि कम वोटिंग बदलाव के लिए होती थी। अब ट्रेंड बदला है। 60 फीसदी को सामान्य वोटिंग माना जाता है। इससे कम होने पर माना जाता है कि वोटर उदासीन है। पिछले दो चरणों में ऐसा ही देखने को मिला था।

-डॉ. शाहिद सिद्दीक़ी;
Follow via X @shahidsiddiqui

कई दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में बंद

केजरीवाल को राहत नहीं, सुप्रीम कोर्ट अंतरिम जमानत पर गुरुवार या उसके बाद करेगा फैसला

नई दिल्ली,एजेंसी। उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को कई घंटों तक चली बहस के बाद आम आदमी पार्टी (आप) नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिलहाल राहत नहीं मिली। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष ईडी की ओर से सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू और याचिकाकर्ता श्री केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें विस्तारपूर्वक पेश की।पीठ ने उनकी दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह अंतरिम जमानत याचिका पर आगे की सुनवाई गुरुवार या अगले सप्ताह पूरी होने पर कोई आदेश पारित करेगी। न्यायमूर्ति खन्ना ने पीठ की ओर से कहा कि देखते हैं कि क्या मामला परसों खत्म हो सकता है या अगले सप्ताह सूचीबद्ध हो सकता है। इस बीच, राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बाबेजा की विशेष अदालत ने उनकी (केजरीवाल) न्यायिक हिरासत अवधि 20 मई तक बढ़ाने का आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि केजरीवाल को केवल इस शर्त पर राहत देने पर वह विचार कर सकती है कि वह किसी भी (मुख्यमंत्री के तौर पर) आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करेंगे। इसके साथ ही पीठ ने अंतरिम राहत पर कोई फैसला करने का संकेत देते हुए यह भी जोड़ा कि यह स्थिति असाधारण है, क्योंकि लोकसभा चुनाव पांच साल में एक बार होते हैं। पीठ ने कहा कि अंतरिम जमानत देते समय हम विचार करते हैं कि (जमानत का) क्या कोई दुरुपयोग होगा या क्या संबंधित व्यक्ति एक संगीन अपराधी है। पीठ ने पिछली सुनवाई (तीन मई) को भी केजरीवाल की याचिका पर उन्हें अंतरिम जमानत देने के मामले में कोई फैसला मंगलवार को सुनाने का संकेत दिया था। इससे अंदाजा लगाया जा रहा था कि (मंगलवार को) केजरीवाल को कोई अंतरिम राहत मिल सकती है। श्री केजरीवाल ने दिल्ली अबकारी नीति से संबंधित कथित धनशोधन घोटाले के एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी की ओर से अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने विशेष अदालत और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय से याचिका खारिज होने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। शीर्ष अदालत के समक्ष अपने लिखित जवाब में केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अपनी गिरफ्तारी के तरीके और समय पर सवाल उठाया है।

एक नजर

भारत ने कनाडा से जताया कड़ा विरोध

नई दिल्ली। भारत ने कनाडा के माल्टन में नगर कीर्तन परेड में झांकियों में भारतीय राजनेताओं के बारे में हिंसक चित्रण प्रदर्शित करने पर आज कड़ा विरोध व्यक्त किया और कनाडा सरकार का आह्वान किया कि वह आपराधिक तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देना बंद करे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मुद्दे पर मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, हमने कनाडा में चरमपंथी तत्वों द्वारा हमारे राजनीतिक नेतृत्व के खिलाफ प्रदर्शन किया गया और पूरे कनाडा में भारतीय राजनेताओं के खिलाफ हिंसा की धमकी वाले पोस्टर भी लगाए गए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस तरह से इस्तेमाल की जा रही हिंसक छवियों के बारे में बार-बार अपनी चिंताओं को मज़बूती से उठाया है। पिछले साल, हमारी पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या को दर्शाने वाली एक झांकी का इस्तेमाल एक जुलूस में किया गया था। उन्होंने कहा कि हिंसा का जश्न मनाना और उसका महिमामंडन करना किसी भी सभ्य समाज का हिस्सा नहीं होना चाहिए। लोकतांत्रिक देश जो कानून के शासन का सम्मान करते हैं, उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कट्टरपंथी तत्वों द्वारा डराने-धमकाने की इजाजत नहीं देनी चाहिए। श्री जायसवाल ने कहा, हम कनाडा में अपने राजनयिक प्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और उम्मीद करते हैं कि कनाडा सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि वे बिना किसी डर के अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सक्षम हों। प्रवक्ता ने कहा, हम कनाडा सरकार से फिर से आह्वान करते हैं कि वह कनाडा में आपराधिक और अलगाववादी तत्वों को सुरक्षित आश्रय और राजनीतिक स्थान प्रदान करना बंद करे।

दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा अलर्ट और जानकारी के लिए व्हाट्सएप चैनल शुरू किया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले लोगों को सुरक्षा अलर्ट,महत्वपूर्ण समाचार और दिल्ली पुलिस विभाग के त्वरित अपडेट की जानकारी देने के लिए मंगलवार को व्हाट्सएप चैनल की शुरुआत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, हमारा मानना है कि यह लोगों के साथ हमारे जुड़ाव को बढ़ाएगा और महत्वपूर्ण जानकारी को समय पर और कुशल रूप से साझा करने की हमारी क्षमता में सुधार लाएगा। व्हाट्सएप चैनल पुलिस और जनता के बीच संचार की एक सीधी रेखा प्रदान करेगा, जिससे घटनाओं, सलाह और सुरक्षा सलाह पर सही समय पर अपडेट प्राप्त हो सकेगा। बयान में कहा गया कि चैनल से जुड़ने से लोगों को दिल्ली पुलिस द्वारा नियमित रूप से त्वरित अपडेट प्राप्त होंगे। बयान में कहा गया, हमें विश्वास है कि यह नया व्हाट्सएप चैनल लोगों के साथ हमारी साझेदारी को और मजबूत करेगा। हम सभी लोगों को इस मूल्यवान संचार साधन का लाभ उठाने और जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

मायावती ने भतीजे आकाश को राष्ट्रीय समन्वयक के पद से हटाया

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक और अपने उत्तराधिकारी के पद से परिपक्वता का हवाला देते हुए हटा दिया। सुश्री मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया, यह सर्वविदित है कि बसपा एक पार्टी होने के साथ-साथ बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के स्वाभिमान एवं सामाजिक परिवर्तन का आंदोलन भी है तथा कांशीराम जी के लिए भी एक आंदोलन है और मैंने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया है और इसे गति देने के लिए नई पीढ़ी को भी तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, इसी कड़ी में दूसरों को प्रमोट करते हुए आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक व मेरा उत्तराधिकारी घोषित किया गया था, लेकिन जब तक वह पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक पार्टी व आंदोलन के व्यापक हित में उन्हें इन दो महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से अलग रखा जाता है।

मायावती ने कहा, उनके पिता आनंद कुमार पार्टी व मूवमेंट में पहले की तरह ही अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहेंगे।बसपा का नेतृत्व पार्टी व आंदोलन के हित में तथा बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के कारवां को आगे ले जाने में हर प्रकार का बलिदान देने से पीछे हटने वाला नहीं है। गौरतलब है कि मायावती ने 28 अप्रैल को सीतापुर जिले में बसपा प्रत्याशी के समर्थन में एक रैली के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में आकाश आनंद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद यह कदम उठाया था। पिछले साल 10 दिसंबर को बसपा सुप्रीमो ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। मायावती ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा के लिए बसपा की अखिल भारतीय बैठक के दौरान यह घोषणा की थी। बैठक में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और राज्य स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया था।

कुलगाम मुठभेड़: टीआरएफ के इनामी शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर,एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुठभेड़ में 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' के स्थानीय मोस्ट वांटेड कमांडर बासित अहमद डार सहित दो आतंकवादियों को मार गिराया। कुलगाम जिले का निवासी बासित अहमद डार 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) का शीर्ष कमांडर था, जिसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध माना जाता है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले साल जुलाई में डार पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस के अनुसार, डार पिछले तीन वर्षों में घाटी में कई नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों की हत्याओं के लिए जिम्मेदार था।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वीके बिर्डी ने कुलगाम में संवाददाताओं से कहा, बासित डार टीआरएफ से जुड़ा था और 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था। यह (डार की मौत) हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसका कारण यह है कि वह श्रीनगर शहर में पुलिसकर्मियों और निर्दोष नागरिकों की हत्या सहित 18 से अधिक मामलों में शामिल था। वह अल्पसंख्यकों, नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में भी शामिल था। पुलिस ने मुठभेड़ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कुलगाम के रेडवानी पाईन गांव में सोमवार से जारी मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। आतंकवादी कथित तौर पर एक घर के अंदर छिपे हुए थे। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद सोमवार को सुरक्षा बलों ने अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर पहुंची, तभी वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलायीं।

सेना के कमांडेंटों ने भविष्य की रक्षा रणनीतियों पर चर्चा की

नई दिल्ली। सेना के कमांडेंटों का छठा सम्मेलन मंगलवार को सैन्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पुणे में हुआ जिसमें भविष्य की रक्षा रणनीतियों की रूपरेखा पर विस्तार से मंथन किया गया। मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ के तत्वावधान में आयोजित किये गये इस सम्मेलन में सशस्त्र बलों के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ प्रतिष्ठित सशस्त्र बल प्रशिक्षण संस्थानों और युद्ध कॉलेजों के कमांडेंटों ने भाग लिया। सम्मेलन में भारतीय सशस्त्र बलों के भावी नेतृत्व को तैयार करने के लिए भविष्य की रक्षा रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करने पर विचार-मंथन किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न ज्वलंत विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के साथ साथ संस्थानों में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया और भविष्य के लिए तैयार किये जा रहे बलों के बारे में रणनीति बनाई।

कांग्रेस-सपा का चरित्र राम और राष्ट्र विरोधी: योगी

संजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के चाल चरित्र भगवान राम और भारत विरोधी है। सपा नेता रामगोपाल यादव और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू यादव के बयानों पर पलटवार करते हुये उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी-कांग्रेस का चरित्र हिंदू और राम विरोधी है। जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखि तिन तैसी...। यह रामभक्तों पर गोली चलाने, श्रीराम के अस्तित्व को नकारने और मर्यादा प्रभु श्रीराम की ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने वाले लोग हैं। यह भारत की आस्था, भारत के राष्ट्र नायकों का सम्मान कर सकें, आजादी के आंदोलन में योगदान देने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति श्रद्धा का भाव रख सकें। इन लोगों से ऐसी उम्मीद करना बेमानी है।

योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा, डीएमके, राजद, नेशनल कॉफ्रेंस एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। यह लोग हमेशा से अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करते रहे हैं। इनकी भावनाएं हिंदुओं और भारत की आस्था के विरोध में रहती हैं। इनका चरित्र तुष्टिकरण की नीति को पोषित करने वाला है। यह आतंकवाद समर्थक और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों के विपरीत आचरण करते रहे हैं। ऐसे लोगों से इससे अधिक उम्मीद नहीं की जा सकती है। योगी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा लेकिन यह लोग जान लें कि ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने का मतलब- विनाश काले, विपरीत बुद्धि।

इनका वास्तविक चरित्र जनता-जनार्दन समझ रही है। कांग्रेस व इंडी गठबंधन से जुड़े लोगों ने शुरू से प्रयास किया कि अयोध्या में राम मंदिर के मामले में माननीय न्यायालय से फैसला न आने पाए। यह लोग बैरियर बनकर रोड़े अटकाते थे। जब मामला उच्चतम न्यायालय में गया, तब 7-8 वर्षों तक इन लोगों ने कुछ नहीं होने दिया पर जब श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र, फिर राज्य में सरकार बनी तो इस प्रक्रिया को तेजी से बढ़ाया गया। इस पर माननीय उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया। कांग्रेस-सपा व इंडी गठबंधन के लोग रामद्रोहियों के साथ खड़े हुए हैं। उन्होने कहा कि यह लोग वोट बैंक के लिए न केवल भारत की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, बल्कि प्रभु श्रीराम की ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। इतिहास गवाह है कि जिसने भी ईश्वरीय सत्ता को चुनौती दी है, उसकी दुर्गति हुई है।

नरेंद्र मोदी से जनता का विश्वास घटा, यात्रा से राहुल गांधी पर भरोसा बढ़ा: कांग्रेस

नई दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 साल में सिर्फ झूठ परोसा है और लोगों को भरमाने का काम किया है, इसलिए जनता का उनसे भरोसा टूटा है लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर देश की जनता का विश्वास जीता है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री गांधी पर देश का भरोसा उनकी कड़ी मेहनत के कारण हुआ है। उन्होंने 4000 किलोमीटर दक्षिण से उत्तर की यात्रा पैदल तय की और संवाद कर जनता का विश्वास जीता है। उन्होंने कहा राहुल गांधी की बातों पर जनता को भरोसा हो रहा है। ये भरोसा उन्हें मुफ्त में नहीं मिला, बल्कि उन्होंने %भारत जोड़ो यात्रा% और %भारत जोड़ो न्याय यात्रा% कर देश का विश्वास जीता है। मोदी जी अब कितना भी झूठ बोलें और ध्यान भटकाएं लेकिन लोगों को अब न्याय की बात पर भरोसा है। जिसे 400 पार का विश्वास हो वह उम्मीदवारों को डरा-धमकाकर चुनाव लड़ने नहीं दे रहा इसलिए हम कह रहे हैं कि संविधान खतरे में है। भाजपा के लोग संविधान बदलने के लिए आतुर हैं, इनके कई मंत्रियों ने कहा है- जैसे ही चुनाव जीतेंगे, संविधान को बदल देंगे। प्रवक्ता ने कहा, मोदी सरकार की हर चीज उधार की है। जब ये सरकार बना रहे थे तो योजनाएं यूपीए सरकार से उधार में लीं। सिर्फ नामकरण संस्कार किया। दस साल हो गए हैं और अब ये नेता, प्रवक्ता भी हमसे उधार में ले रहे हैं। आपके पास न नेता है, न मुद्दा है और न नैरेटिव है। आपने इन 10 वर्षों में किया क्या है। श्री खेड़ा ने कहा आज चुनाव का तीसरा चरण समाप्त हो गया है। पूरी दुनिया ने देखा कि देश के प्रधानमंत्री किस तरह की बातें कर रहे हैं।

16 राज्यों के 16482 जायरीन दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट से हज सफ़र को होंगे रवाना

मो. हबीबुल्लाह उर्फ मुन्ना, सद्भावना टुडे संवाददाता

नई दिल्ली। हज 2024 के सफर के लिए दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 से हज यात्रा की उड़ान 9 में से शुरू हो रही है। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से हज यात्रा की पहली फ्लाइट देर रात 2ः20 बजे पर उड़ान भरेगी। हज उड़ान की बुकिंग के लिए हज मंजिल में बुकिंग काउंटर की शुरुआत की गई है। जहां पर हज यात्री अपनी फ्लाइट की बुकिंग करने के लिए पहुंच रहे हैं। दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां के मुताबिक दिल्ली स्टेट हज कमेटी की ओर से हज 2024 के मुकद्दर सफर को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। दिल्ली उत्तर भारत का सबसे बड़ा हज एंबरकेशन पॉइंट है। दिल्ली कुल 6 राज्यों के लिए हज एंबरकेशन पॉइंट है। इसके अतिरिक्त कई और राज्यों के लोग भी दिल्ली से हज सफर के लिए रवाना होते हैं।

कौसर जहां के मुताबिक दिल्ली में हज सफर को लेकर दिल्ली स्टेट हज कमेटी द्वारा एयरपोर्ट और रामलीला मैदान पर विशेष इंतजाम किए जाते हैं। रामलीला मैदान पर हज यात्रा पर जाने वाले जायरीन के लिए हज कैंप लगाया जाता है। कई लोगों के रिश्तेदार और जान पहचान के लोग दिल्ली में रहते हैं, ऐसे में अन्य राज्यों के लोग भी दिल्ली से हज यात्रा के लिए रवाना होते हैं। कौसर जहां के मुताबिक हज

2023 में तकरीबन 22 हजार लोग दिल्ली हज एंबरकेशन पॉइंट से हज सफर के लिए रवाना हुए थे। दिल्ली से हज यात्रा के लिए प्रस्थान करने वाले अन्य राज्यों के हज यात्रियों के लिए भी दिल्ली स्टेट हज कमेटी द्वारा व्यवस्था की जाती है। उन्होंने बताया केंद्र सरकार द्वारा हज यात्रियों की सुविधा के लिए हर सुविधा ऐप लॉन्च किया गया है। दिल्ली स्टेट हज कमेटी द्वारा हज मंजिल में हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को हज सुविधा एप के बारे में जानकारी देने के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया है। हेल्प डेस्क के माध्यम से हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को हज सुविधा ऐप को किस तरह से यात्रा के दौरान इस्तेमाल करना है, के बारे में बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रामलीला मैदान में एयर कंडीशन हज ट्रांजिट कैंप लगाया गया है। विभिन्न प्रदेशों से आने वाले लोग ट्रांजिट कैंप में ठहर सकते हैं। ट्रांजिट कैंप से बसों के माध्यम से हज यात्रियों को दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट लेकर जाया जाता है। दिल्ली स्टेट हज कमेटी विभिन्न संस्थाओं से कोऑर्डिनेशन कर काम कर रही है ताकि हाजियों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। दिल्ली कुल 6 क्षेत्रों के लिए हज एंबरकेशन पॉइंट हैं। चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली के हाजियों के लिए दिल्ली हज एंबरकेशन पॉइंट है।

दिल्ली हज एंबारकेशन पॉइंट से जाने वाले हज यात्रियों की संख्या

चंडीगढ़ : 36
दिल्ली: 3138
हरियाणा : 1348
हिमाचल प्रदेश: 74
उत्तर प्रदेश : 9521
उत्तराखंड: 1053

(इन सभी क्षेत्रों हज एंबारकेशन पॉइंट दिल्ली है)

असम: 4
बिहार: 393
छत्तीसगढ़ : 3
गुजरात : 3
जम्मू कश्मीर: 498
झारखंड : 21
मध्य प्रदेश: 21
महाराष्ट्र: 2
पंजाब: 247
राजस्थान: 116
उड़ीसा :1

(इन राज्यों के हज यात्रियों ने दिल्ली को हज एंबारकेशन पॉइंट चुना है।)

हज सफर 2024 के लिए दिल्ली हज एंबरकेशन पॉइंट से कुल 69 महिलाएं बिना मेहरम के हज सफर के लिए रवाना होगी। बिना मेहरम के हज सफर पर जाने वाली महिलाओं के लिए दिल्ली स्टेट हज कमेटी द्वारा हज मंजिल में विशेष ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया था। कौसर जहां ने बताया बिना मेहरम के सफर करने वाली महिलाओं को बताया गया कि वह अकेली नहीं है, बल्कि दिल्ली हज कमेटी उनके साथ है। हर सफर के दौरान जो भी समस्याएं आएंगी, उनको दिल्ली स्टेट हज कमेटी द्वारा प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा।

दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट के लिए 36 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

सैफुल्लाह सिद्दीकी, सद्भावना टुडे

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया खत्म हो गई है। नामांकन में बढ़ चढ़कर प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया है और बड़े दलों के साथ ही छोटे दल और निर्दलीयों द्वारा भी नामांकन किया गया है। इस दौरान दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट पर 36 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है, जिसमें प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार शामिल है। इसके अलावा बहुजन समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार ने भी अपना पर्चा भरा है।

दक्षिणी दिल्ली जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, 29 अप्रैल से लेकर 6 में तक हुए नामांकन के दौरान दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में कुल 36 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन भरा है।राजधानी दिल्ली में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की गई थी और उसी दिन से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी।जो 6 मई तक चली। दिल्ली की सभी सात विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन किया गया है। मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी कांग्रेस (इंडिया गठबंधन)और भाजपा के उम्मीदवारों के द्वारा नामांकन किया गया है इसके अलावा सभी सीटों पर बसपा सहित छोटे दल और निर्दलीयों के द्वारा नामांकन भरा गया है वहीं दक्षिणी दिल्ली में मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन के बीच माना जा रहा है और यहां से भाजपा के तरफ से रामवीर सिंह बिधूड़ी ने अपना नामांकन भरा है। वही इंडिया गठबंधन में आम आदमी पार्टी के तरफ से घोषित किए गए प्रत्याशी सहीराम पहलवान ने अपना नामांकन किया है। आज 7 मई को नामांकन की जांच की जाएगी। और 9 मई तक नाम वापस लेने की समय सीमा है। जो प्रत्याशी नाम वापस नहीं लेंगे और उनका नामांकन सही माना जाएगा उसके बाद वह चुनाव मैदान में होंगे। दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट पर नामांकन के लिए साकेत स्थित डीएम ऑफिस पर नामांकन केंद्र बनाया गया था और यहां पर तमाम तैयारियां के बीच प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरा है। वही 7मई को नामांकन पत्रों की जांच के बाद पता चल पाएगा कि कितने नामांकन सही पाए जाते हैं। और कितने अस्वीकार किए जाते हैं। बता दे राजधानी दिल्ली में लोकसभा चुनाव 25 मई को होना है जिसको लेकर तमाम तैयारियां की गई है। इलेक्शन कमीशन के द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए और मतदाताओं की जागरूकता के लिए अनेको कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। और पोलिंग बूथ पर मतदाताओं के सुविधा के लिए अनेकों व्यवस्थाएं की जा रही हैं इसके अलावे सुरक्षा के भी चाक चौबंद इंतजाम की व्यवस्था की जा रही है।

नामी कंपनी में काम करने वाला ग्रेजुएट निकला ऑटो लिफ्टर, रिसीवर के साथ गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली की लक्ष्मी नगर थाना पुलिस ने मंगलवार को मंगल बाजार से एक ऑटो लिफ्टर और कृष्णा नगर से रिसीवर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से तीन स्कूटी और एक मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि आरोपी की पहचान शकरपुर निवासी 37 वर्षीय सुरेंद्र के तौर पर हुई है। जबकि, रिसीवर की पहचान कृष्णा नगर निवासी 45 वर्षीय नवीन कुमार के तौर पर हुई है। डीसीपी ने बताया कि एक मई को लक्ष्मी नगर इलाके की एक कोचिंग सेंटर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, जिससे आरोपी सुरेंद्र की पहचान हो गई और उसे लक्ष्मी नगर के मंगल बाजार से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चोरी किए वाहन को कृष्णा नगर के स्कूट मार्केट इलाके में रहने वाले नवीन कुमार को बेचता था। इस खुलासे के बाद इस टीम ने आरोपी नवीन को भी उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग इलाके से चुराई गई तीन स्कूटी और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। बता दें, आरोपी सुरेंद्र पढ़ा लिखा है, वह ग्रेजुएट है और एक नामी प्राइवेट कंपनी में काम भी करता है। आरोपी के खिलाफ पहले से चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि आरोपी नवीन अपने घर के पास ही वाहनों के स्पेयर पार्ट्स की दुकान चलाता था।

अंबेडकर और आईपीयू में खेल कोटा से भी दाखिला

नई दिल्ली। विभिन्न खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए एक अच्छी खबर है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में डा.भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय और गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) ने खेल कोटा से भी दाखिला लेने का निर्णय लिया है। इसके तहत अंबेडकर विश्वविद्यालय खेल कोटा में एक फीसद और आईपीयू दो फीसद सीटों पर दाखिला देगा। आईपीयू के कुलसचिव डॉ. कमल पाठक ने बताया कि विश्वविद्यालय में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए यह प्रावधान किया गया है, ताकि खेल के प्रतिभावान छात्र दाखिला ले सकें। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रोग्राम के लिए निर्धारित यह दो फीसदी सीटें दाखिला ब्रोशर में अधिसूचित सीटों के अलावा होगी। बिना ट्रायल के स्पोर्ट्स कोटा में आवेदन के लिए आवेदक को किसी स्पोर्ट्स में देश का प्रतिनिधित्व किया होना चाहिए। उस प्रतिनिधित्व का दस्तावेज आवेदन के समय जमा कराना होगा। समर ओलंपिक, वर्ल्ड चैंपियनशिप, कामनवेल्थ

गेम्स, एशियन गेम्स, साउथ एशियन गेम्स, पारा ओलंपिक इत्यादि जैसे स्पोर्ट्स इसमें शामिल हैं। इससे कम स्तर के स्पोर्ट्स स्पर्धा में भाग लेने वाले आवेदकों को ट्रायल देना होगा। दाखिला में 25 फीसदी अधिभार संबद्ध प्रवेश परीक्षा के लिए, 25 फीसदी स्पोर्ट्स से जुड़े जमा कराए दस्तावेज और शेष 50 फीसदी स्पोर्ट्स ट्रायल का होगा। अंबेडकर विश्वविद्यालय अपने यहां प्रत्येक प्रोग्राम में अनाथ कोटा के तहत भी एक-एक सीट के आरक्षण का प्रावधान रखा है। इनके लिए पूरी फीस माफ होगी। दाखिले में अन्य आरक्षण को लेकर कुलपति ने बताया कि स्पोर्ट्स और सीसीए कोटा के तहत प्रत्येक प्रोग्राम में एक-एक सीट के आरक्षण का प्रावधान रखा गया है। इनके अतिरिक्त डिफेंस, कश्मीरी विस्थापित, पीडब्ल्यूडी और सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिए भी आरक्षण का प्रावधान रखा गया है। आईपी यूनिवर्सिटी में एमबीए कैट के अंक से और एलएलबी एवं एलएलएम क्लैट के स्कोर से आयोजित की जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन मोड में आयोजित की जा रही है। जिन आवेदकों ने आवेदन शुल्क 1, 500 रुपये जमा किये हैं, वह अब 20 मई तक 1, 000 रुपये काउंसिलिंग भागीदारी शुल्क के रूप में जमा करा सकते हैं। पहले यह तिथि 7 मई थी। जिन आवेदकों ने आवेदन शुल्क के 1, 500 रुपये अभी तक जमा नहीं किए हैं वे इसे भी काउंसिलिंग भागीदारी शुल्क के साथ 20 मई तक जमा करा सकते हैं।

यातायात व्यवस्था में बदलाव से कश्मीरी गेट पर जाम हुआ कम

नई दिल्ली। ट्रैफिक पुलिस की ओर से रिंग रोड पर कश्मीरी गेट से हनुमान मंदिर के बीच किए गए बदलाव से जाम में कमी देखने को मिल रही है। ट्रैफिक पुलिस ने एक सप्ताह से चल रहे ट्रायल में पाया कि व्यस्त समय में यह बदलाव काफी कारगर साबित हो रहा है। वहीं, सुबह से दोपहर तक इसकी आवश्यकता नहीं है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार कश्मीरी गेट बस अड्डे से लेकर यमुना बाजार स्थित हनुमान मंदिर और आगे की तरफ कश्मीरी गेट से चंदगीराम अखाड़े तक सुबह शाम लोगों को जाम का सामना करना पड़ रहा था। जाम से निजात दिलाने के लिए मध्य रेंज की ट्रैफिक पुलिस ने अस्थाई रूप से तीन बदलाव करते हुए 10 दिन का ट्रायल शुरू किया था। बीते 30 अप्रैल से चल रहे इस ट्रायल में कश्मीरी गेट बस अड्डे का गेट 30 मीटर आगे खोला गया है। साथ ही बस अड्डे के लिए निगमबोध घाट की तरफ से आते समय इस्तेमाल होने वाले यू-टर्न को बंद कर सलीमगढ़ बाईपास से यू टर्न दिया गया है। इसके अलावा कश्मीरी गेट से निगमबोध घाट की तरफ जाने के लिए बनाए गए यू-टर्न को बंद कर उसकी जगह मॉनेस्ट्री से यू-टर्न दिया गया है। यह व्यवस्था पुलिस ने फिलहाल केवल शाम के व्यस्त समय में कर रखी है। ट्रैफिक पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन बदलावों के चलते शाम के समय यहां लगने वाले जाम में काफी कमी देखने को मिली है। दोपहर के समय वाहनों का दबाव कम रहता है। इसके चलते वाहन चालकों को सुविधा देने के लिए यह बदलाव नहीं रखा गया है, लेकिन शाम के समय जब वाहनों का दबाव काफी अधिक हो जाता है तो ऐसे समय में इन बदलावों से काफी मदद मिल रही है। अधिकारी ने बताया कि शाम 6 बजे से लेकर रात लगभग 10 बजे तक इस बदलाव से वाहन चालकों को बड़ी राहत मिल रही है।

दिल्ली के तिलक नगर के कार शोरूम में बदमाशों ने की अंधाधुंध फायरिंग, सात लोग घायल

नई दिल्ली। दिल्ली के तिलक नगर इलाके में सोमवार देर शाम कई राउंड फायरिंग की गई। इस तड़तड़ाहट फायरिंग से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, तिलक नगर में एक कार के शोरूम पर गोलियां चलाई गई हैं। बदमाशों ने शोरूम को निशाना बनाकर कई राउंड गोलियां चलाई। इस गोलीकांड घटना में सात लोगों के घायल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि फायरिंग की वारदात 5 करोड़ की फिरौती के लिए किया गया था। वेस्ट जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया की बाइक सवार 3 से 4 बदमाश आए थे और उन्होंने कार शोरूम के ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। इस दौरान शोरूम का शीशा टूट गया। शीशे के टुकड़े लगने से सात लोग घायल हो गए। जिनका अलग-अलग अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस गोलीबारी की घटना में घायल हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता विकास त्यागी का इलाज जयपुर गोल्डन अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने बताया कि वह शोरूम के अंदर मौजूद थे। वे अपने बेटे के जन्मदिन पर उसे गिफ्ट देने के लिए कार खरीदने गए थे। विकास त्यागी के अनुसार पहले दो बदमाश शोरूम के अंदर आते हैं और चारों तरफ देखते हैं। फिर अचानक गेट के पास जाकर वह गोलियां चलाने लगता है। इस दौरान उन्हें भी एक गोली लगी। डीसीपी से मिली जानकारी के अनुसार गोली शोरूम में मौजूद किसी भी व्यक्ति को नहीं लगी, बल्कि शीशे का टुकड़ा लगने के कारण लोग घायल हुए। उस दौरान अंदर और बाहर पूरी तरह से अफरा तफरी मच गई थी। मिली जानकारी के अनुसार बदमाशों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम देने से पहले शोरूम के एक स्टाफ को चिट्ठी दी थी। जिसमें नवीन वाली उर्फ भाऊ गिरोह का नाम लिखा हुआ था और 5 करोड़ की फिरौती मांगी गई थी। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में कुछ नहीं बताया है। इस भाऊ गिरोह के कई बदमाश दिल्ली और हरियाणा में सक्रिय है और उस पर इनाम भी घोषित है। पुलिस का कहना है की क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने मौके का मुआयना किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। साथ ही शोरूम के मालिक से भी बात की जा रही है।

दिल्ली में 25 मई को होगा मतदान, सुचारु प्रक्रिया के लिए एक लाख से ज्यादा अधिकारी होंगे तैनात

शबाना बेगम, सद्भावना टुडे

नई दिल्ली। दिल्ली में 25 मई को छठे चरण में मतदान होगा। इस चरण में डेढ़ करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग ने 13 हजार 667 मतदान केन्द्र बनाए हैं। सुचारु मतदान के लिए एक लाख से ज्यादा कर्मचारियों की तैनाती की गई है और शांतिपूर्ण मतदान के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन आयुक्त पी कृष्णमूर्ति ने मंगलवार को इस संबंध में एक पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कल नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई थी। 265 उम्मीदवारों ने 367 नामांकन दाखिल किए हैं। आज नामांकन की जांच होगी और 9 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद चुनावी स्थिति स्पष्ट होगी।

मतदाताओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली में कुल 1 करोड़ 52 लाख 01 हजार 936 मतदाता हैं। 2019 के मुकाबले इस बार 8.85 प्रतिशत अधिक मतदाता हैं। इनमें से 82 लाख 72 हजार 794 पुरुष और 69 लाख 87 हजार 940 महिला और 1228 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। महिला पुरुष अनुपात में भी इस बार सुधार हुआ है और यह एक हजार पुरुषों पर 818 महिलाओं से बढ़कर 851 महिला हो गया है। इसके अलावा

आबादी और मतदाता अनुपात में भी सुधार हुआ है। चुनाव आयोग के प्रयास से ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 669 से बढ़कर 1228 हुई है। चुनाव तैयारियों की जानकारी देते हुए कृष्णमूर्ति ने बताया कि दिल्ली में 2627 स्थानों पर 13637 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदाताओं की संख्या को देखते हुए चार अतिरिक्त मतदान केन्द्र भी बनाए गए हैं। करीब 1.03 लाख कर्मचारियों की चुनाव तैनाती की गई है। इसमें मतदान और मतगणना दोनों से जुड़े कर्मचारी शामिल हैं। 6833 मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। 8 हजार अतिरिक्त स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। यह दिव्यांग और उम्रदराज मतदाताओं की सहायता करेंगे। दिल्ली में 25 मई को होने वाले मतदान के लिए केन्द्रीय सुरक्षा बलों की 46 कंपनियां तैनात की जायेंगी। 19 हजार दिल्ली और आसपास के राज्यों से होमगार्ड की तैनाती होगी और 78 हजार दिल्ली पुलिस कर्मी भी तैनात होंगे। इनमें से 33 हजार सक्रिय तौर पर मतदान प्रक्रिया में सहयोग करेंगे।

आम आदमी पार्टी पर आतंकी संगठन से फंड लेने का आरोप, भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। आतंकवादी संगठन से आम आदमी पार्टी द्वारा फंड लिये जाने के आरोप पर दिल्ली भाजपा ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बेरीकेड को तोड़कर आम आदमी पार्टी कार्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश की, जिसके बाद दूसरे बेरीकेड्स के सामने उन्हें रोका गया और पुलिस ने उन्हें हिरासत में थाना आई.पी. एक्सटेंशन ले गई, जहां से कुछ देर बाद चेतावनी दे कर छोड़ दिया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जग जाहिर है कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार एवं दलाली में लिप्त हैं लेकिन इससे अधिक शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता कि जो लोग देश को तोड़ने की बात करते हैं आज आप उसी टुकड़े-टुकड़े गैंग का साथ देती है और जो आतंकी संगठन बैन है, उससे चंदा लेने का काम करती है। वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के उपराज्यपाल का आभार व्यक्त किया, क्योंकि उन्होंने इस मामले में जांच कराने के आदेश दिए हैं। सचदेवा ने कहा कि राजनीति में मनभेद या मतभेद हो सकता है लेकिन देश की सुरक्षा के साथ कभी भी समझौता नहीं करना चाहिए। आज आम आदमी पार्टी के राजनीतिक चरित्र को इसी से समझा जा सकता है कि वह आतंकी संगठन से चंदा लेने से भी पीछे नहीं हटे। उन्हें शहीद-ए-आजम भगत सिंह का नाम लेने वाले अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्री को शर्म आनी चाहिए कि वह देश के दुश्मनों के साथ मिलकर शहीदों की शहादत को शर्मसार कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि देश के दुश्मन से 134 करोड़ रुपये लेकर आम आदमी पार्टी ने देशद्रोह का काम किया है, इसके लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

मादक पदार्थ तैयार करने वाली अवैध फैक्टरी का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली में अवैध तरीके से दवा बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ हुआ है। इस फैक्टरी में साइकोट्रोपिक पदार्थ को अवैध तरीके से तैयार किया जाता था। स्पेशल सेल की टीम ने यहां से बड़ी मात्रा में कच्चा माल भी बरामद किया है। स्पेशल सेल की ट्रांस यमुना रेंज के हाथ ये बड़ी कामयाबी लगी है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार स्पेशल सेल की ट्रांस यमुना रेंज ने अवैध साइकोट्रोपिक पदार्थ के उत्पादन में शामिल एक अवैध फैक्टरी का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है और बड़ी मात्रा में कच्चा माल जब्त किया है। इस बरामद रॉ मैटेरियल के जरिए करीब 700 किलोग्राम अल्प्राजोलम साइकोट्रोपिक पदार्थ को तैयार किया जा सकता था। स्पेशल सेल की टीम ने अब तक 3 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान उत्तराखंड निवासी रचित कुमार (22), बिजनौर (उप्र) निवासी नमित चौधरी (34) और तेलंगाना निवासी वंगा राजेंदर गौड (49) के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली पुलिस के नॉर्थ ईस्ट जिला पुलिस की टीम ने भी पिछले दिनों सोनिया विहार पुश्ता रोड स्थित एमसीडी टोल चेकिंग प्वाइंट पर बड़ी मात्रा में अल्प्राजोलम की टैबलेट्स बरामद की थीं। साइकोट्रॉपिक दवा की अवैध थोक सप्लाई करने वाले इंटरस्टेट सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए जिले के स्पेशल स्टाफ ने अल्प्राजोलम दवा की 7 लाख 33 हजार 650 टैबलेट्स बरामद की थी, जिनकी कीमत अंतरराष्ट्रीय मार्केट में करीब 28 लाख रुपये आंकी गई थी।

आईपीएल मैच पर लगा रहे थे सट्टा, शाहदरा पुलिस ने सरगना समेत तीन को पकड़ा

शहनवाज़ सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के शाहदरा जिले की एएसबी सेल ने चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के आईपीएल मैच में बैटिंग लगाने वाले एक रैकेट का पर्दाफाश किया है। आईपीएल मैच में सट्टेबाजी करने वाले 3 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। यह सभी आरोपी मैच में औसतन 5 से 10 लाख रुपए का दांव लगाते थे। पुलिस ने इन तीनों आरोपियों के पास से दो लैपटॉप, 6 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप चार्जर और दो मोबाइल चार्जर भी बरामद किए हैं। शाहदरा जिला डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के मुताबिक 5 मई को एसीबी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग वेस्ट रोहतास नगर, शाहदरा में ऑनलाइन आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट चला रहे हैं। इस खुफिया जानकारी को पुख्ता करते हुए एएसबी सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर विवेक शर्मा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने सर्च वारंट के आधार पर उक्त जगह पर छापेमारी कर तलाशी ली और तीन लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया।

सिंडिकेट का मास्टोरमाइंड भी गिरफ्तारः इनकी पहचान 32 वर्षीय सब्जी मंडी के रहने वाले सनी छाबड़ा, राहुल (28) (सब्जी मंडी निवासी) और राजेंद्र मार्केट,

तीस हजारी के रहने वाले 26 वर्षीय मोहित के रूप में की गई है। इन सभी गिरफ्तार तीनों आरोपियों में से सनी छाबड़ा इस रैकेट का सरगना बताया गया है। सनी छाबड़ा और मोहित के खिलाफ पहले से ही जुआ अधिनियम के तहत एक-एक मामले दर्ज हैं। किराए के फ्लैट में चलाते थे रैकेटः गहन पूछताछ करने पर सनी छाबड़ा ने इस अवैध सट्टेबाजी सिंडिकेट का मास्टरमाइंड होने की बात कबूल की। उसने खुलासा कि?या कि? वो अपने कस्टरमर्स के साथ कॉन्टेटक्ट बनाने को इंटरनेट कॉलिंग का इस्तेसमाल कि?या करता था। हाल के दिनों में वह अपने दोस्त् राहुल और मोहित के साथ मोहित के किराए के फ्लैट से इस अवैध सट्टेबाजी रैकेट के संचालन को अंजाम दे रहा था।

सट्टेबाजी सॉफ्टवेयर का करते थे इस्तेमालः डीसीपी के मुताबिक, जिस जगह पर पुलिस टीम ने छापेमारी की वह मोहित का रेंट का मकान है। सट्टेबाज विशेष तौर पर सट्टेबाजी सॉफ्टवेयर आई बुक प्लस का इस्तेमाल करते थे। सनी छाबड़ा मैचो के दौरान दावों को लॉग करने और उनकी काउंटिंग करने का काम करता था। सट्टेबाजी में सन ?ी छाबड़ा की अहम भूमिका थी। मामले में आगे की जांच कर रही पुलिसः सट्टेबाजी रैकेट टॉस दांव जितने से लेकर रन टेली सेशन प्रदर्शन, विकेट गिनती और मैच के आखिर में जीत के सभी परिणाम को एक स्पेक्ट्रम के जरिए कवर करते थे जिस पर 5 से 10 लाख रुपए का औसतन दाव लगाया जाता था। पुलिस ने अब सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की जांच में जुट गई है।

एक नजर

नोएडा के गोल्फ सिटी सोसाइटी में सिलेंडर से लगी आग, बड़ा हादसा टला

नोएडा। नोएडा के एक सोसाइटी के अंदर बने फूड स्टॉल में मंगलवार सुबह सिलेंडर से भीषण आग लग गई। आसपास कई और सिलेंडर भी रखे थे। सोसाइटी के लोगों ने मिलकर फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया। सोसाइटी के लोगों ने कैंपस में फूड स्टॉल के लगने पर भी सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस और वेंडर्स के साथ सोसाइटी के कुछ पदाधिकारियों ने मिलकर इन फूड स्टॉल को अंदर लगवाया है। इनसे बड़ा हादसा हो सकता है, क्योंकि काफी सिलेंडर यहां रखे रहते हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को थाना सेक्टर 113 में गोल्फ सिटी सोसायटी सेक्टर-75 के सामने लगे स्टॉल्स में गैस सिलेंडर में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर त्वरित कारवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट घटनास्थल पर रवाना हुई। वहां पहुंचकर फायर कर्मियों ने देखा कि आग को आसपास उपस्थित जनसमूह ने फायर सर्विस यूनिट के पहुंचने से पहले ही बुझा दिया है। फिलहाल इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। इस आगजनी की घटना के बाद सोसाइटी के निवासियों ने वीडियो बना कर अंदर लगे स्टॉल का विरोध किया है। लोगों का कहना है कि पुलिस और वेंडर्स की मिलीभगत को सोसाइटी में कुछ पदाधिकारी ने सपोर्ट किया है जिसकी वजह से अंदर यह स्टॉल लगी हुई है। यहां पर काफी ज्यादा सिलेंडर रखे रहते हैं, किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

इंजीनियर ने पंखे से फंदा लगाकर की आत्महत्या

नोएडा। नोएडा के थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में एक इंजीनियर को शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करना बहुत भारी पड़ गया। साइबर अपराधियों ने धीरे-धीरे कर उससे 12 लाख रुपये ठग लिए। जिसकी वजह से इंजीनियर पर लाखों रुपये का कर्जा हो गया। इसके बाद इंजीनियर ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूल रूप से तेलंगाना प्रांत के करीमनगर का रहने वाला 24 साल का नगुला प्रगति राजू पुत्र लक्ष्मण नोएडा के नंगली वाजिदपुर गांव में किराये के मकान में रहता था। वह नोएडा की एक आईटी कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। रविवार को उसने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में पता चला है कि मृतक को साइबर अपराधियों ने अपने जाल में फंसाया। उससे कहा कि ऑनलाइन शेयर मार्केटिंग करने से मोटी रकम का फायदा होगा। मृतक ने अपने पास रखी रकम कुछ अन्य लोगों से लेकर करीब 12 लाख रुपये कर्जा लेकर उनके बताए खाते में डाल दिए। बाद में जब उसे ठगी का अहसास हुआ तो उसने आत्महत्या कर ली। थाना एक्सप्रेसवे प्रभारी निरीक्षक सरिता मलिक ने बताया कि घटना रविवार की है। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। जांच में पता चला है कि युवक पर शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करने से 12 लाख रुपये का कर्जा हो गया था। जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों की शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सड़क पर पैदल जा रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

ग्रेटर नोएडा। जेवर से पैदल टप्पल जा रहे मजदूर को रास्ते में अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल मजदूर को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। अलीगढ़ के कस्बे टप्पल में रहने वाले राजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका भाई नरेश मजदूरी करता था। नरेश दो दिन पहले जेवर कस्बे में मजदूरी करने के लिए आया था। इसके बाद वह पैदल वापस घर लौट रहा था। गोपालगढ़ गांव के समीप अज्ञात वाहन ने नरेश को कुचल दिया। नरेश को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में राजेश ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अज्ञात वाहन का पता लगाने के प्रयास में जुटी है।

रंजिश के चलते जिम संचालक पर जानलेवा हमला

नोएडा। सेक्टर-27 में पिता-पुत्रों ने अपने साथियों के साथ मिलकर रंजिश के चलते जिम संचालक पर जानलेवा हमला कर दिया। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित के पिता की शिकायत पर सेक्टर-20 पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर-27 निवासी सत्यप्रकाश अवाना ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा देवेंद्र हरिवंश मार्केट में जिम चलाता है। बीते दिनों रात साढ़े नौ बजे के करीब वह अपने बेटों गौरव अवाना, उसके साथी सुधीर रावत और वीरेंद्र प्रजापति के साथ टहलते हुए देवेंद्र के जिम के पास पहुंचे। उनका भाई मेहरचंद अवाना, उसका बेटा अंकित और अमित, उनके गेस्ट हाउस के मैनेजर सुरेंद्र और जगदीश एकत्र होकर देवेंद्र को पीट रहे हैं। आरोपियों ने डंडे, सरिया और लोहे की रॉड से जिम संचालक पर हमला किया। मेहरचंद ने इस दौरान अपने बेटों से कहा कि जिम संचालक को जिंदा नहीं छोड़ना है। इसके बाद आरोपियों ने जिम संचालक का गला जान से मारने की नीयत से दबा दिया।

गुरुग्राम लोस में छंटनी में चार नामांकन रद्द

गुरुग्राम। गुरुग्राम लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों द्वारा जमा किए गए नामांकनों की मंगलवार को जांच, छंटनी की गई। इस दौरान कुल 30 नामांकन में से 4 नामांकन रद्द किए गए। बाकी के 26 नामांकन वैध मिले हैं।

लघु सचिवालय स्थित डीसी कोर्ट में छंटनी का काम किया गया, जिसमें 26 प्रत्याशियों का नामांकन वैध थे। गुडग़ांव संसदीय सीट के रिटर्निंग अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि 30 लोगों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था, जिसकी मंगलवार को प्रत्याशी व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में स्क्रूटनी की गयी। स्क्रू टनी के दौरान नामांकन पर्चा में अलग-अलग कारणों से 4 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द किया गया। उन्होंने बताया कि कुछ के एफिडिवेट में कमियां तो कुछ के फॉर्म में कॉलम खाली रहने के कारण नामांकन रद्द किया गया है। उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल से 6 मई तक चली नामांकन

प्रक्रिया के दौरान 30 प्रत्याशियों ने 49 नामांकन पर्चा दाखिल किया था।

जिसमें किसी ने चार सेट, तो किसी ने तीन व दो सेट जमा कराए थे। छंटनी में 26 प्रत्याशियों का नामांकन वैध पाया गया, उनमें भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर, निर्दलीय उम्मीदवार फौजी जय कवर त्यागी (दीक्षित), राइट टू रिकॉल से वंदना गुलिया, जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी राहुल यादव, एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी के प्रत्याशी श्रवण कुमार, भारतीय जवान किसान पार्टी के प्रत्याशी लाल चंद यादव, जन सेवक क्रंति पार्टी से विजय कुमार व निर्दलीय प्रत्याशी अशोक जांगड़ा व आजाद सिंह, स्वयं शासन पार्टी से प्रत्याशी धर्मेंद्र ठाकरान, राहुल ठाकरान स्वतंत्र उम्मीदवार, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया(डेमोक्रेटिक) से ईश्वर सिंह, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से आकाश व्यास, निर्दलीय उम्मीदवार बलवान सिंह व अक्षत गैत, बहुजन समाज पार्टी से विजय कुमार, बहुजन मुक्ति पार्टी से समय सिंह, राष्ट्रीय लोक स्वराज पार्टी से सम्पूर्ण आंनद, इंडियन नेशनल लोकदल से सोराब खान, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया से अनवर, निर्दलीय उम्मीदवार सोनी हेमलता, अजय कुमार, विष्णु यादव, कुशेश्वर भगत शामिल हैं। अब 9 मई को दोपहर 3 बजे तक तक उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। इसके उपरांत 9 मई को ही दोपहर 3 बजे चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

अमानतुल्लाह के बेटे ने की नोएडा के पेट्रोल पंप पर मारपीट

नोएडा। आम आदमी पार्टी (आप) के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान के बेटे पर नोएडा के एक पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों से मारपीट करने का आरोप लगा है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि गाड़ी में जल्दी तेल भरवाने को लेकर घटना हुई। मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली के आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के बेटे की दिनदहाड़े मारपीट करते सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। यह घटना नोएडा के सेक्टर-95 के पेट्रोल पंप की है। बताया जा रहा है कि विधायक का बेटा पेट्रोल पंप पर करीब 12:30 बजे पहुंचा था और गाड़ियों की लाइन तोड़कर आगे पहुंचकर उसने पंप कर्मियों से तेल भरने को बोला था। पंप कर्मियों ने जब गाड़ियों की लाइन तोड़कर तेल भरने से मना किया तो विधायक पुत्र ने फिलिंग स्टेशन पर काम करने वाले से मारपीट और गाली-गलौज की। बताया जा रहा है कि उसके साथ दो-तीन लोग और भी मौजूद थे। जानकारी यह भी मिली है कि बेटे की मारपीट के बाद सूचना मिलने पर ओखला से नोएडा पहुंचे अमानतुल्लाह काफी देर तक पेट्रोल पंप पर मौजूद रहे। लेकिन, पुलिस की कार्रवाई देखकर वो वापस लौट गए। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक मौके पर पुलिस बल मौजूद है। घटना की जांच की जा रही है और सीसीटीवी को भी चेक किया जाएगा। साथ ही पेट्रोल पंप पर काम करने वाले कर्मचारियों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गुरुग्रामः पूर्व सीएम मनोहर लाल मेवात में बोले, आप लोग चुनाव में जिताते नहीं

शोएब आलम, संद्भावना टुडे

गुरुग्राम। नूंह जिला के खंड फिरोजपुर झिरका विजय संकल्प रैली में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आप लोग बोलते हो कि मनोहर लाल हमारा है, राव साहब हमारे हैं। चुनाव में इस बार भाजपा को पीछे नहीं रहने देना है। मेवात की तीनों विधानसभाओं से 2 लाख से ज्यादा वोटों से जिताकर राव साहब को दिल्ली भेजना है। यहां पूर्व सीएम ने यह भी कहा कि कांग्रेस के लोगों ने भाजपा के नाम पर हव्वा का डर दिखाते हैं, 10 साल हो गए आज तक वो हव्वा आया नहीं। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस के बहकावे में नहीं आना है। कांग्रेस द्वारा पैदा किए गए डर से बाहर निकलकर कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि 90 हजार करोड़ से बन रहे मुंबई एक्सप्रेस-वे का यहां के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। कैनाल फीडर से पानी की समस्या समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि 10 सालों में हमारी सरकार ने बिना भेदभाव के मेवात जिला में काम कराए हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि मेवात को पिछड़े जिलों से बाहर निकालना हमारा लक्ष्य है। भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को आप लोगों ने मेवाती बना दिया है तो अब मुझे भी मेवाती बना लो।

उन्होंने कहा कि मैं आपका हमसफर हूं, आपका साथी हूं और मैं ही आप लोगों के काम आने वाला हूं। श्री राव ने कहा कि मेरा रिश्ता मेवात से कोई 10 या 15 साल का नहीं है, बल्कि सैकड़ों सालों का है। इतिहास के पन्नों पर नजर दौड़ाएंगे तो पता चलेगा कि 1857 की आजादी की पहली जंग में मेरे पूर्वज और आपके पूर्वजों ने मिलकर लड़ाई लड़ी थी। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पहली बार 2009 में वोट मांगने आया था, जब 80 हजार वोटों से जीत हुई थी। दूसरी बार भाजपा ने 2014 में टिकट देकर चुनाव लड़वाया तब ढाई लाख वोटों से जीता था। 2019 के चुनाव में पौने चार लाख वोटों से जीत हुई थी। तीनों बार मेवात ने मेरी उम्मीदों पर पानी फेरा है। उन्होंने कहा कि इस बार मैं फिर उम्मीद करके आया हूं और मेरी उम्मीद को अमलीजामा पहना दो।

नोएडा को नंबर वन बनाने में जुटे सीईओः गंदगी मिलने पर हुए नाराज, अफसरों की लगाई क्लास, दिए ये टास्क

अशोक कुमार, सद्भावना टुडे संवाददाता

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ डॉ.लोकेश एम. ने शहर में जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ अपने अमले के साथ उद्योग मार्ग, अट्टा, एमपी 1 रोड, सेक्टर-8, 11, 12, 22, 55, 56 और 62 आदि क्षेत्र पहुंचे। सीईओ ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सफाई कार्यों पर विशेष ध्यान दें जिससे शहरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सीईओ ने खोड़ा रोड पर एलआईसी बिल्डिंग के निकट ड्रेन चोक पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। लोकेश एम. ने निर्देश दिए कि ड्रेन के ऊपर रखे गए कवर को हटाकर एक सप्ताह में पूरी ड्रेन की सफाई कराई जाए।

शहर में सभी सफाई कर्मचारियों को ड्रेस और रिफ्लेक्टिव जैकेट पहनकर ही कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सेक्टर-8 पर दो सुलभ शौचालय बने हैं, जो बहुत जर्जर अवस्था में हैं। इस संबंध में महाप्रबंधक को निर्देशित किया गया कि इन दोनों शौचालयों के स्थान पर नए शौचालय बनवाए जाएं। सीईओ ने शहर में जगह-जगह पड़े बी-डी वेस्ट पर नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही

शहर में जगह-जगह लटके इंटरनेट और बिजली के तारों को व्यवस्थित कराने के लिए भी निर्देश दिए गए। सड़कों के किनारे उग रही पार्थेनियम घास की सफाई प्राथमिकता पर कराने के लिए निर्देशित किया गया। एलिवेटेड रोड के नीचे सेक्टर-23 के बाहर सर्विस रोड पर पड़ी ढेरियों को हटवाने और सर्विस रोड की सफाई कराए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, सेक्टर-25ए स्थित रिक्त भूखंड पर सैकड़ों स्कूलों और अन्य कंपनियों की बसें खड़ी थीं, जो आसपास गंदगी भी फैला रही थीं। इस संदर्भ में नोएडा ट्रैफिक सेल को निर्देशित किया गया कि सभी स्कूलों को आज ही नोटिस जारी कर दिया जाए कि स्कूलों की बसें स्कूल कैम्पस में ही खड़ी हों और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इस स्थल पर कोई बस खड़ी न हो। साथ ही जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेक्टर-25ए स्थित पूरे ग्राउंड में पड़े कूड़े, पत्ते और पॉलिथीन आदि की सफाई और वर्क सर्किल द्वारा पूरे ग्राउंड की लेवलिंग और पूर्ण सफाई कराए जाने को सुनिश्चित किया जाए।

नोएडा में अखिल भारतीय कुलश्रेष्ठ संघ ने उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया, नई कार्यकारिणी गठित

शहजाद सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता

नोएडा। अखिल भारतीय कुलश्रेष्ठ संघ की वार्षिक सभा का आयोजन नोएडा सेक्टर 6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में हुआ। इस अवसर पर संस्था द्वारा समाज के विभिन्न लोगों को उनके क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 40 लोगों को सम्मानित किया गया। इसमें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, महिला उद्यमी सम्मान, सुपर सिटीजन सम्मान प्रमुख रहे। शिक्षा के क्षेत्र में भी मेधावी छात्रों को अवॉर्ड देकर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही सत्र 2023-26 के लिए संस्था की गतिविधियों के संचालन के लिए नई कार्यसमिति का चुनाव के माध्यम से गठन किया गया। नई कार्य समिति में दीपक कुलश्रेष्ठ को अध्यक्ष, विवेक कुलश्रेष्ठ को कार्यकारी अध्यक्ष, विकास कुलश्रेष्ठ को महासचिव और विश्वकांत कुलश्रेष्ठ को कोषाध्यक्ष चुना गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर चित्रगुप्त की स्तुति से की गई। अध्यक्ष के संबोधन के बाद कोषाध्यक्ष विकास कुलश्रेष्ठ ने संघ का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। महासचिव विवेक कुलश्रेष्ठ ने संघ की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि किस तरह संस्था समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करके समाज के उत्थान एवं प्रगति के लिए सन 1954 से निरंतर

कार्यरत है। कार्यक्रम में आखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रोफेसर (अवकाश प्राप्त) डॉक्टर विनोद कुमार कुलश्रेष्ठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में डॉक्टर अनिता सक्सेना (कुलश्रेष्ठ) उप कुलपति पंडित बी डी शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्व विद्यालय रोहतक, डॉक्टर अशोक श्रीवास्तव संस्थापक नवरतन फाउंडेशन, डॉक्टर संदीप कुलश्रेष्ठ चिकित्सा अधीक्षक एवं डायरेक्टर प्रोफेसर ईएसआईसी मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल फरीदाबाद, अनुपम कुलश्रेष्ठ एडवोकेट एवं संस्थापक कुलश्रेष्ठ वेलफेयर ट्रस्ट उपस्थित रहे। अखिल भारतीय कुलश्रेष्ठ संघ के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ सुनील एवं महासचिव विवेक कुलश्रेष्ठ ने सभी अतिथियों एवं आगुंतको का स्वागत किया। कार्यक्रम में आगरा, मथुरा, ग्वालियर, जयपुर, फरीदाबाद, अलीगढ़, गाज़ियाबाद, सीकर, पालमपुर, नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा, जालौन, भिवानी, भोपाल, भिलाई आदि से आये सम्मानित सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा।

सोसाइटी में बिजली कटने पर हंगामा

नोएडा। आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी में सोमवार देर रात बिजली जाने पर निवासियों में परिसर में इकट्ठा होकर हंगामा किया और अस्थाई एओए का विरोध किया। वहीं, मेफेयर रेजिडेंसी सोसाइटी के लोगों ने रोजाना बिजली जाने की समस्या से परेशान होकर बिसरख कोतवाली में शिकायत की है। अम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी में सोमवार रात करीब 6ः30 बजे बिजली कट गई। निवासियों ने जब एडहॉक एओए से कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि एनपीसीएल की तरफ से लाइट काटी गई है। जब निवासियों को पता चला कि सोसाइटी में लाइन का फ्यूज उड़ जाने के कारण लाइट नहीं आ रही है। इसके बाद लोगों ने परिसर में इकट्ठा होकर खूब हंगामा किया। आरोप है कि नई एडहॉक एओए ने चुनाव में किए हुए अपने वादे को 3 महीने बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं किया है। ऐसी भारी गर्मी में बिना बैकअप के लोग रहने को मजबूर हैं। मेफेयर रेजिडेंसी के निवासियों ने बिजली और पानी की समस्या से परेशान होकर बिसरख कोतवाली में जाकर शिकायत पत्र दिया।

गौतमबुद्ध विवि की पानी की टंकी में महिला का मिला शव, पति फरार

नोएडा। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय परिसर में रहने वाले एक पति-पत्नी में देर रात को किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। आज सुबह को महिला का शव गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय एम छत्रावास की छत पर बने सीमेंटेड पानी के टैंक में मिला है। घटना के समय से महिला का पति कपिल और उसकी सास फरार है। उनकी तलाश में पुलिस की 2 टीमें लगाई गई है। पुलिस सर्विलांस विधि, सीसीटीवी कैमरे की सहायता से उनकी तलाश कर रही है।

थाना ईकोटेक-प्रथम क्षेत्र के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के स्टाफ क्वार्टर की तीसरी मंजिल पर स्थित पानी टंकी में सोमवार की देर रात को एक महिला का शव मिला था। रात के समय महिला के शव की पहचान नहीं हो पाई थी। आज सुबह महिला के शव की शिनाख्त कौशल पत्नी कपिल के रूप में हुई है। अपर पुलिस उपायुक्त कानून व्यवस्था शिव हरी मीणा ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि कपिल और उसकी पत्नी में घटना वाले दिन काफी देर तक झगड़ा हुआ। उसके बाद सोमवार को कपिल और उसकी मां घर का दरवाजा बंद करके चले गए। उन्होंने बताया कि सोमवार की देर रात को पुलिस को सूचना मिली कि स्टाफ क्वार्टर परिसर की तीसरी मंजिल पर बनी हुई पानी की टंकी में एक महिला का शव पड़ा है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जब जांच की गई तो पता चला कि कपिल का क्वार्टर बंद है। और वह फरार है। उन्होंने बताया कि उसकी तलाश में पुलिस की 2 टीमें लगाई गई है। पुलिस को आशंका है कि पति-पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ तथा पति ने पत्नी की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने को उद्देश्य से पानी की टंकी में डाल दिया। उन्होंने दावा किया कि इस मामले में पुलिस को पुख्ता सबूत मिला है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

नोएडा सीईओ ने शहर का किया भ्रमण, गंदगी देखकर अधिकारियों को फटकारा

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने आज शहर में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करते सीईओ जब दौरान खोड़ा रोड की तरफ गए उन्हें एलआईसी बिल्ड़िग के निकट ड्रेन चोक मिला। इस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की। सीईओ ने मंगलवार को उद्योग मार्ग, अट्टा, एमपी-1 रोड, सेक्टर-8, 11, 12, 22, 55, 56 एवं 62 आदि का निरीक्षण किया। खोड़ा रोड पर एलआईसी बिल्ड़िग के निकट ड्रेन चोक मिलने पर उन्होंने घोर नाराजगी व्यक्त की। यहां पर सीईओ द्वारा निर्देश दिये गये कि ड्रेन के ऊपर रखे गये कवर को हटा कर एक सप्ताह में पूरी ड्रेन की सफाई कराई जाए। उन्होंने नोएडा के सभी सफाई कर्मचारियों को ड्रैस एवं रिफ्लेक्टिव जैकेट पहनकर ही कार्य करने के निर्देश दिए। सेक्टर 25ए स्थित रिक्त भूखण्ड़ पर स्कूलों एवं अन्य कंपनियों की सैकड़ों बसे खड़ी थी, जो आस पास गंदगी भी फैला रही थीं। इस संदर्भ में सीईओ ने नोएडा ट्रैफिक सेल को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों को नोटिस जारी कर दिया जाय कि स्कूलों की बसें स्कूल कैंपस में ही खडी हो और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इस स्थल पर कोई बस भविष्य में खड़ी न हो। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों को निर्देश देते हुए कहा कि सेक्टर 25ए स्थित पूरे ग्राउंड की पूर्ण सफाई कराई जाए। उद्योग मार्ग सेक्टर-8 में बने जीर्ण शीर्ण दो सुलभ शौचालयों की जगह पर नये शौचालय बनवाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सीईओ ने शहर में जगह-जगह पड़े कूड़े पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान शहर में जगह-जगह लटके इण्टरनेट एवं बिजली के तारों को व्यवस्थित कराने, सडकों किनारे उग रही पार्थेनियम घास की सफाई प्राथमिकता पर कराने को निर्देशित किया। सीईओ के निरीक्षण के दौरान उप महाप्रंबधक जन स्वास्थ्य एसपी सिंह, परियोजन अभियंता जन स्वास्थ्य प्रथम गौरव बंसल, परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य द्वितीय आरके शर्मा भी उपस्थित रहे।

प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगाः नोएडा सीईओ

नोएडा। शहर में योजित जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर नोएडा प्राधिकरण सख्त रुख अपना रहा है। करीब एक सप्ताह पहले ही सेक्टर-104 की खसरा संख्या 412 पर बनी एक चार मंजिली इमारत को सील किया गया था, जिस पर यह इमारत अवैध है लिखा हुआ है। नोटिस का जवाब न देने पर सोमवार को प्राधिकरण की टीम दस्ते और स्थानीय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। यहां प्राधिकरण ने इमारत को ध्वस्त करने के लिए उसे अंदर से तोड़ना शुरू किया। इस एक्शन के बाद कब्जादारों में हड़कंप मच गया है। नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि खसरा संख्या 412 की करीब 1500 वर्ग मीटर का क्षेत्रफल वाली जमीन प्राधिकरण की योजनाबद्ध जमीन है, जिसकी कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। इस जमीन पर भू-माफिया तेजी से अवैध निर्माण कर रहे थे, लेकिन प्राधिकरण अधिकारियों ने विजिट के दौरान इसे सील करते हुए निर्माण कार्य रोक दिया। साथ ही भूमाफियाओं के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई। आगामी दो से तीन दिनों में इस इमारत को पूरी तरह

से ध्वस्त कर दिया जाएगा और जमीन को प्राधिकरण अपने कब्जे में ले लेगा।

सीईओ डॉ.लोकेश एम. ने दी चेतावनी

नोएडा प्राधिकरण सीईओ डॉ.लोकेश एम. ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने परियोजना विभाग के सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा प्राधिकरण ने हिंडन विहार के आसपास बनी कुछ अन्य अवैध इमारतों को भी सील किया है और उन पर भी जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। अब तक प्राधिकरण ने लगभग एक महीने में करीब 1.20 लाख वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराते हुए अवैध निर्माण हटाया है। इस पूरी जमीन की कीमत लगभग 600 करोड़ रुपए के आसपास आंकी जा रही है।

कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन

ललित गर्ग

लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी हो गई है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने 'नाइंसाफी' के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है।

आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं। राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है?

राहुल गांधी का दो-दो सीटों से का चुनाव लड़ना भी यह दर्शाता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए? नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में अपनी सुविधानुसार एक सीट से इस्तीफा दे देते हैं। कानूनी रूप से उनके लिए ऐसा करना जरूरी भी है। फिर उस सीट पर उपचुनाव होता है। इसमें न सिर्फ करदाताओं का पैसा खर्च होता है बल्कि उस क्षेत्र के मतदाता भी ठगा हुआ महसूस करते हैं। इस बात की पड़ताल जरूरी है कि दो सीटों से चुनाव लड़कर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या इस व्यवस्था से सिर्फ अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं? भले ही राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान बेहद आक्रामक दिख रहे हों, लेकिन वह अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश नहीं भर पा रहे हैं। इसका एक कारण गठबंधन के नाम पर अपने पुराने मजबूत गढ़ों में भी अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ना है। यह कांग्रेस ही लगातार कमजोर होती राजनीति ही है कि वह जीत की संभावना वाली सीटों को भी महागठबंधन के अन्य दलों को दे रही है। ऐसे ही निर्णयों के चलते कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौता करने से पार्टी को क्या हासिल होने वाला है? इस बार गांधी परिवार दिल्ली में उस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को बोट देगा, जिसने उसे रसातल में पहुंचाया। इस तरह के मामले केवल यही नहीं बताते कि कांग्रेस उपयुक्त प्रत्याशियों का चयन करने में नाकाम है, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उसके पास अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने और अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने की कोई ठोस रणनीति नहीं है। कांग्रेस की नीति एवं नियत भी संदेह के घेरों में हैं। क्या कारण है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। दुश्मन राष्ट्र के नेता अगर किसी व्यक्ति या नेता के प्रधानमंत्री बनने की कामना करते हैं तो निश्चित ही उस देश का हित जुड़ा होता है। पड़ोसी देश भले ही राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो लेकिन भारत की जनता अपने हितों की रक्षा करते हुए विवेकपूर्ण मतदान के लिये तत्पर है। भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है। नए भारत के 'सर्जिकल और एयर स्ट्राइक' ने उस पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था जिसे कांग्रेस शासन के दौरान भारत पर आतंकी हमलों का समर्थन करने के लिए जाना जाता था। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को नजरअंदाज करते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की है, उसी का परिणाम है कि जिसने 500 वर्षों तक पीढ़ियों के संघर्ष के बाद बने प्रभु श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह एवं मन्दिर से कांग्रेस दूरी बनाये रखी है। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के निर्णय का भी विरोध किया है, जबकि अब वहां आतंकवाद खत्म होकर शांति, अमन एवं विकास की गंगा प्रवहमान है। जनता ही नहीं, कांग्रेस के नेता भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की इन विसंगतियों एवं विडम्बनाओं को समझ रहे हैं और पार्टी से पलायन कर रहे हैं। मुगलों व अंग्रेजों की भाषा बोल रहे व हिंदू जनमानस व हिंदू संस्कृति के विरुद्ध जहर उगल रहे राहुल गांधी को पिछले दो लोकसभा चुनाव की तरह आगामी लोकसभा चुनाव में जनता क्या जबाव देती, यह भविष्य के गर्भ में हैं।

किसी भी मामले में, जहां केंज गलती पर हैं, वह यह है कि मुट्ठी भर अरबपतियों का होना महत्वपूर्ण नहीं है, जिनकी संपत्ति एक अच्छी तरह से डिज़ाइन की गई उस मददगार प्रणाली के बल पर बढ़ती रहती है, जिसमें टैक्स छूट, बैंक ऋण बट्टे खाते में डालना और आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज शामिल हैं। बल्कि उसी के समान संसाधनों को एक समतावादी समाज के निर्माण के लिए भी खर्च करना होगा जहां खुशी और संतुष्टि का राज हो। आख़िरकार, संसाधन सीमित हैं और यह देखना अहम है कि इन्हें कैसे वितरित किया जाता है। शायद यही वजह है कि नॉर्डिक क्षेत्र के 4 देशों स्वीडन, डेनमार्क, नॉर्वे और फिनलैंड बेहद अच्छा कर रहे हैं और खुशहाली की सूची में लगातार अव्वल रहते हैं। एक दिन टीवी पर पैनल चर्चा के दौरान मुझसे पूछा गया कि यदि धन का पुनः वितरण करना पड़ा तो सरकार क्या कर सकती है। मेरा जवाब था कि लगता नहीं है कि अमीरों का धन छीनकर गरीबों में बांटने का कोई विचार हो। चाहिये क्या कि नीतियों और दृष्टिकोणों में पुनः बदलाव कर यह यकीनी बनाना होगा कि उनका लाभ देश के किसी भी हिस्से में मौजूद अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मेरा पहला सुझाव होगा यह यकीनी बनाना कि सालाना बजट का 50 फीसदी कृषि को दिया जाना चाहिये जो साल 2024 के लिए 47.66 लाख करोड़ है। जो मोटे तौर पर देश की आधी आबादी बनती है। खेती में आबादी का इतना बड़ा हिस्सा लगे होने के बावजूद वर्तमान में इस क्षेत्र को बजट आवंटन में 3 फीसदी से भी कम प्राप्त होता है। कृषि क्षेत्र में आप किसी चमत्कार की उम्मीद नहीं कर सकते हैं यदि उचित निवेश नहीं करते।

कृषि बजट वृद्धि दिलाएगी 'अरबपति राज' से मुक्ति

देविंदर शर्मा

भले ही वह विशुद्ध राजनीतिक कारणों से हो, भारत में धन के पुनः बंटवारे पर बहस बेहद महत्वपूर्ण है और वक्त की जरूरत भी। मुट्ठीभर अमीरों के हाथों में धन के केंद्रित होने की अप्रिय स्थिति की वजह से 'अरबपति राज का उदय' हुआ, जैसा कि पेरिस स्थित वर्ल्ड इनइक्विलिटी लैब ने इसे नाम दिया है। यह कथित 'अरबपति राज' निश्चित रूप से उद्यमशीलता के प्रति एनिमल स्पिरिट यानी जिंदादिली या भावनात्मक जोश के उजागर होने के कारण नहीं है लेकिन यह इस बात का दुखद परिदृश्य है कि कैसे कुछ लोगों के हक में आर्थिक नीतियों और संसाधनों को अनावश्यक रूप से सौंप दिया गया। जॉन मेनार्ड केंज ने अपनी पुस्तक 'द जनरल थ्योरी ऑफ एम्प्लॉयमेंट, इंटरेस्ट एंड मनी' (1936) में 'एनिमल स्पिरिट्स' की व्याख्या उस असाधारण मानवीय व्यवहार के रूप में की है जो अनिश्चयपूर्ण दशाओं में निवेशकों को वित्तीय निर्णय लेने को प्रेरित करता है। पर संभवतया केंज को यह अहसास नहीं हो कि बहुसंख्यक आबादी को ऐसे ही अवसर से वंचित रखना असल में लाखों फूलों के खिलने के लिए जरूरी उत्साह और 'एनिमल स्पिरिट' को नष्ट करना है।

किसी भी मामले में, जहां केंज गलती पर हैं, वह यह है कि मुट्ठी भर अरबपतियों का होना महत्वपूर्ण नहीं है, जिनकी संपत्ति एक अच्छी तरह से डिज़ाइन की गई उस मददगार प्रणाली के बल पर बढ़ती रहती है, जिसमें टैक्स छूट, बैंक ऋण बट्टे खाते में डालना और आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज शामिल हैं। बल्कि उसी के समान संसाधनों को एक समतावादी समाज के निर्माण के लिए भी खर्च करना होगा जहां खुशी और संतुष्टि का राज हो। आख़िरकार, संसाधन सीमित हैं और यह देखना अहम है कि इन्हें कैसे वितरित किया जाता है। शायद यही वजह है कि नॉर्डिक क्षेत्र के 4 देशों स्वीडन, डेनमार्क, नॉर्वे और फिनलैंड बेहद अच्छा कर रहे हैं और खुशहाली की सूची में लगातार अव्वल रहते हैं। एक दिन टीवी पर पैनल चर्चा के दौरान मुझसे पूछा गया कि यदि धन का पुनः वितरण करना पड़ा तो सरकार क्या कर सकती है। मेरा जवाब था कि लगता नहीं है कि अमीरों का धन छीनकर गरीबों में बांटने का कोई विचार हो। चाहिये क्या कि नीतियों और दृष्टिकोणों में पुनः बदलाव कर यह यकीनी बनाना होगा कि उनका लाभ देश के किसी भी हिस्से में मौजूद अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मेरा पहला सुझाव होगा यह यकीनी बनाना कि सालाना बजट का 50 फीसदी कृषि को दिया जाना चाहिये जो साल 2024 के लिए 47.66 लाख करोड़ है। जो मोटे तौर पर देश की आधी आबादी बनती है। खेती में आबादी का इतना बड़ा हिस्सा लगे होने के बावजूद वर्तमान में इस क्षेत्र को बजट आवंटन में 3 फीसदी से भी कम प्राप्त होता है। कृषि क्षेत्र में आप किसी चमत्कार की उम्मीद नहीं कर सकते हैं यदि उचित निवेश नहीं करते। ऐसे देश में जहां सिर्फ 21 अरबपतियों के पास 700 मिलियन से अधिक की धन-संपत्ति है, और जहां 64.3 प्रतिशत आबादी से 64.3 प्रतिशत जीएसटी आता है और शीर्ष 10 फीसदी से केवल 3-4 प्रतिशत ही आता है। जहां पहले से ही काफी निवेश किया जा चुका हो, वहां संसाधनों को लगाने में कोई आर्थिक समझदारी नहीं। इसके विपरीत, वित्तीय संसाधनों का समान और न्यायसंगत तरीके से पुनर्वितरण करना नितांत आवश्यक है। खेती में लगी 50 फीसदी आबादी को आर्थिक संसाधनों में उसके जायज हिस्से से क्यों वंचित किया जाए, जबकि लगातार सरकारें साल-दर-साल औद्योगिक क्षेत्र के लिए बड़े पैमाने पर बजटीय प्रावधान करती रही हैं। मुझसे सवाल किया गया कि खेती से आमदन पर कोई टैक्स नहीं है, और वह इस सेक्टर के लिए बड़ी वित्तीय मदद है। वास्तव में, पैनल चर्चा में शामिल एक वेंचर कैपिटलिस्ट ने यहां तक ??पूछा कि अमीर किसानों पर कर क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए, जबकि उन्हें यह अहसास नहीं था कि भारत में केवल 1 प्रतिशत कृषक समुदाय के पास ही 10 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन है, और कृषक परिवारों के लिए स्थितिजन्य आकलन सर्वेक्षण, 2019 की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार शेष 99 प्रतिशत कृषक समुदाय की औसत आय लगभग 10,000 रुपये प्रति माह है। विडंबना है कि कॉर्पोरेट अर्थशास्त्रियों को कृषि क्षेत्र में व्याप्त संकट के बारे में बहुत कम जानकारी है, और वे अभी भी पुराने जमाने की आर्थिक सोच पर चलते हैं जो किसानों को शहरों में प्रवासी दिहाड़ी मजदूरों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने पर आधारित थी। एक अन्य पैनल चर्चा में, मैंने बताया कि कैसे कॉर्पोरेट कंपनियां पिछले दस वर्षों में 16 लाख करोड़ रुपये के बैंक राइट-ऑफ लेकर गयी हैं, और इसके साथ सितंबर 2019 से हर साल 1.45 लाख करोड़ रुपये की टैक्स कटौती दी गई है। इतना कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के साथ 'समझौता' करने का निर्देश दिया है, जिन पर 3.45 लाख करोड़ रुपये का बकाया है, और जिनके पास भुगतान करने के लिए संसाधन हैं लेकिन वे परवाह नहीं करते हैं। जिस तरह से किसानों को बैंक की किस्तें चुकाने में असमर्थ होने के चलते जेल में डाल दिया जाता है, उसी तरह 16,400 जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों को भी जेल की सजा होनी चाहिए थी। इसके बजाय उन्हें आसानी से छोड़ दिया गया। इस तरह के भारी राइट-ऑफ से अमीरों को जाहिर तौर पर राहत मिलती है। उनकी जीवनशैली हमेशा पूर्ववत चलती रहती है। यदि किसानों को भी ऐसी राहत राशि दी जाती है तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि वे भी अपनी 'एनिमल स्पिरिट' का प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे। मई 1996 में जब वाजपेयी सरकार ने पहली बार शपथ ली, तब नई सरकार द्वारा अपनाए जाने वाले आर्थिक उपायों के बारे में सुझाव देने के लिए बुलाई गई अर्थशास्त्रियों की एक बैठक में मेरा सुझाव था कि कृषि में संलग्न 60 प्रतिशत आबादी के लिए वार्षिक बजट का 60 प्रतिशत प्रदान किया जाए, यदि विचार सत्ता विरोधी लहर से बचने का हो। (उस समय जनसंख्या का 60 प्रतिशत हिस्सा कृषि का था)। यह बात अब भले ही भुला दी गई हो लेकिन वाजपेयी सरकार ने घोषणा की थी कि वह अपने बजट का 60 प्रतिशत हिस्सा कृषि के लिए समर्पित करेगी। यह एक ऐसा परिवर्तन कारी कदम होता जिसकी देश को तलाश थी। जहां तक ??मुझे याद है यह पहली बार था कि संसाधनों के पुनर्वितरण का प्रयास किया गया था। दुर्भाग्य से, सरकार 13 दिन में ही गिर गयी। यदि केवल वाजपेयी सरकार कायम रहती, कृषि पर बजट आवंटन में 60 फीसदी लगाने के नीतिगत फैसले से ग्रामीण अर्थव्यवस्था यकीनी तौर पर पुनर्जीवित होती, और उसके असर से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में तेजी आती। उसके चलते अब तक सबका साथ सबका विकास यकीनी बनता। अब जबकि नव-उदारवाद हांफ रहा है, और अपने अंतिम चरण में है, ऐसे में धन के पुनः वितरण की किसी भी बात को अर्थशास्त्रियों के शासक वर्ग के कड़े विरोध का सामना करना पड़ेगा। उनसे घबराएं नहीं, बल्कि खड़े हो जाओ और अपनी राय से अवगत कराएं। और विश्वास रखें कि धन का पुनः वितरण एक विचार है जिसका समय अब आ गया है।

विचार

कुछ गाद हटे तो पानीदार बन जाएगा समाज सहेजें पुरखों की जलनिधि

पंकज चतुर्वेदी

इस बार गर्मी जल्दी आई और साथ में प्यास भी गहराई। केंद्र सरकार की हजार करोड़ की 'हर घर जल योजना' ने बढ़ते ताप के सामने लाचारगी जाहिर की। वैसे हकीकत तो यह है कि अब देश के 32 फीसदी हिस्से को पानी की किल्लत के लिए गर्मी के मौसम का इंतजार भी नहीं करना पड़ता है- बारहों महीने यहां जेठ ही रहता है। समझना होगा कि एक अरब 44 करोड़ की विशाल आबादी को पानी देना महज सरकार के जिम्मे नहीं छोड़ा जा सकता। गर्मी और सूखती जल निधियों के प्रति यदि समाज आज सक्रिय हो जाए तो अगली गर्मी में उन्हें यह संकट नहीं झेलना होगा। एक बात समझ लें प्रकृति से जुड़ी जितनी भी समस्या हैं उनका निदान न वर्तमान के पास है न भविष्य के। इसके लिए हमें अतीत की ही शरण में जाना होगा। थोड़ी गाद हटानी होगीङ्कुछ सूख चुकीं हमारे पुरखों द्वारा बनाई जल निधियों से और कुछ अपनी समझ सेङ्क देखें थोड़ी भी बरसात हुई तो समाज पानीदार बन सकता है। कुछ दशक पहले पलट कर देखें तो आज पानी के लिए हाय-हाय कर रहे इलाके अपने स्थानीय स्रोतों की मदद से ही खेत और गले दोनों के लिए अफरात पानी जुटाते थे। एक दौर आया कि अंधाधुंध नलकूप रोपे जाने लगे, जब तक संभलते जब तक भूगर्भ का कोटा साफ हो चुका था। समाज को एक बार फिर बीती बात बन चुके जल-स्रोतों की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है- तालाब, कुएं, बावड़ी। लेकिन एक बार फिर पीढ़ियों का अंतर सामने खड़ा है, पारंपरिक तालाबों की देखभाल करने वाले लोग किसी और काम में लग गए। अब तालाब सहेजने की तकनीक नदारद हो गई है। भारत के हर हिस्से में वैदिक काल से लेकर ब्रितानी हुकूमत के पहले तक सभी कालखंडों में समाज द्वारा अपनी देश-काल- परिस्थिति के मुताबिक बनाई गई जल संरचनाओं और जल प्रणालियों के कई प्रमाण मिलते हैं, जिनमें तालाब हर एक जगह हैं। रेगिस्तान में तो उन तालाबों को सागर की उपमा दे दी गई तो कन्नड में कैरे और तमिल में ऐरी। यहां तक कि ऋग्वेद में सिंचित खेती, कुओं और गहराई से पानी खींचने वाली प्रणालियों का उल्लेख मिलता है। हड़प्पा एवं मोहनजोदड़ो (ईसा से 3000 से 1500 साल पूर्व) में जलापूर्ति और मल निकासी की बेहतरीन प्रणालियों के अवशेष मिले हैं। ईसा से 321-297 साल पहले, कौटिल्य का अर्थशास्त्र बानगी है जो बताता है कि तालाबों को राज्य की जमीन पर बनाया जाता था। समाज ही तालाब गढ़ने का सामान जुटाता था। जो लोग इस काम में असहयोग करते या तालाब की पाल को नुकसान पहुंचाते, उन्हें राज्य-दंड मिलता। आधुनिक तंत्र की कोई भी जल संरचना 50 से 60 साल में दम तोड़ रही है जबकि चन्देलकाल अर्थात् 1200 साल से अधिक पुराने तालाब आज भी लोगों को जिंदगी का भरोसा दिए हुए हैं। उन दिनों उन्नत जल-विज्ञान और कुशल जलविज्ञानी का पूरा समाज था जो मिट्टी और जलवायु की बेहतरीन समझ रखते थे। अंग्रेज शासक चकित थे, यहां के तालाबों की उत्तम व्यवस्था देख कर। उन दिनों कुओं के अलावा सिर्फ तालाब ही पेयजल और सिंचाई के साधन हुआ करते थे। फिर आधुनिकता की आंधी में सरकार और समाज दोनों ने तालाबों को लगभग बिसरा दिया, जब आंख खुली तब बहुत देर हो चुकी थी। अभी एक सदी पहले तक बुंदेलखंड के इन तालाबों की देखभाल का काम पारंपरिक रूप से ढीमर समाज के लोग करते थे। वे तालाब को साफ रखते, उसकी नहर, बांध, जल आवक को सहेजते- एवज में तालाब की मछली, सिंघाड़े और समाज से मिलने वाली दक्षिणा पर उनका हक होता। इसी तरह प्रत्येक इलाके में तालाबों को सहेजने का जिम्मा समाज के एक वर्ग ने उठा रखा था और उसकी रोजी-रोटी की व्यवस्था वही समाज करता था, जो तालाब के जल का इस्तेमाल करता था। तालाब तो लोक की संस्कृति सभ्यता का अभिन्न अंग हैं और इन्हें सरकारी बाबुओं के लाल बस्ते की बदौलत नहीं छोड़ा जा सकता। यह सर्वविदित है कि तालाबों में भरी गाद, सालों साल से सड़ रही पत्तियों और अन्य अपशिष्ट पदार्थों के कारण ही उपजी है, जो उम्दा दर्जे की खाद है। गांव या शहर के रुतबेदार लोग जमीन पर कब्जा करने के लिए बाकायदा तालाबों को सुखाते हैं, पहले इनके बांध फोड़े जाते हैं, फिर इनमें पानी की आवक के रास्तों को रोका जाता है न भरेगा पानी, न रह जाएगा तालाब। गांवों में तालाब से खाली हुई उपजाऊ जमीन लालच का कारण होती है तो शहरों में बिल्डर-भूमाफिया इसे सस्ता सौदा मानते हैं। यदि जल संकट ग्रस्त इलाकों के सभी तालाबों को मौजूदा हालात में भी बचा लिया जाए तो वहां के हर इंच खेत को तर सिंचाई, हर कंठ को पानी और हजारों हाथों को रोजगार मिल सकता है। एक बार मरम्मत होने के बाद तालाबों के रखरखाव का काम समाज को सौंपा जाए। जरूरत इस बात की है कि आधुनिकता की आंधी के विपरीत दिशा में 'अपनी जड़ों को लौटने' की इच्छाशक्ति विकसित करनी होगी।

एक नजर

प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया के बाद मुसलमानों के आरक्षण के बयान पर लालू ने दी सफाई

पटना (बिहार)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार भाजपा नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया के बाद लालू यादव ने मुसलमानों के आरक्षण पर दिए गए अपने बयान पर सफाई दी है। लालू ने अब कहा है कि आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि सामाजिक आधार पर दिया जाता है। लालू के बयान के बाद बिहार की सियासत गर्म हो गई और बिहार भाजपा के नेताओं के साथ खुद पीएम मोदी ने लालू प्रसाद पर जोरदार हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश की एक चुनावी जनसभा में कहा कि कांग्रेस चुप है लेकिन उसके एक सहयोगी दल ने आईएनडीआई गठबंधन के इरादों की पुष्टि कर दी है। वे कह रहे हैं कि मुसलमानों को पूरा आरक्षण मिलना चाहिए। इसके बाद बैकफुट पर आए लालू ने कहा कि मंडल कमीशन को हमने लागू किया था। मंडल कमीशन में सैकड़ों जातियां हैं, जो सामाजिक आधार पर हैं। धर्म के आधार पर नहीं है। नरेन्द्र मोदी आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। इसलिए तरह-तरह का बहाना बनाते हैं। अटल बिहारी बाजपेयी ने तो संविधान समीक्षा आयोग बना दिया था, ताकि ये लोग संविधान को बदल दें। आरक्षण का आधार धर्म हो ही नहीं सकता है। आरक्षण का सामाजिक आधार होता है। दरअसल, लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग के बीच मंगलवार को बिहार विधान परिषद में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आये लालू यादव ने मुसलमानों को पूरा आरक्षण देने की वकालत की थी।

महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत, परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

पूर्वी चंपारण। जिले के कोटवा थाना क्षेत्र के मच्छरगावा पंचायत के सोबैया वार्ड नं0 21 में एक महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। मृतका राजू पटेल की 30 वर्षीय पत्नी रिंकू देवी बताई गई है। मृतका का मायका मछरगांवा के ही वॉड न0 16 में है। रिंकू की भाभी उक्त वार्ड की वार्ड सदस्य भी है। रिंकू के भाई एवं वार्ड सदस्य के पति ललन पटेल का कहना है कि उसकी बहन की शादी 8 साल पहले राजू पटेल से हुई थी, जिसे कोई संतान नही है। इसको लेकर उसके ससुराल वाले उसके बहन को प्रताड़ित करते थे और सोमवार की रात उसकी बहन की गला दबाकर हत्या कर दी गई। ललन पटेल के मुताबिक उसके बहनोई ने एक साल पहले दूसरी शादी भी कर ली है। वही घटना के बाद ललन पटेल की माँ सहित घर वाले जब रिंकू के घर पहुंचे तो आरोपियों ने मारपीट भी की। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही सोमवार की देर रात शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। इस बाबत कोटवा थानाध्यक्ष राजरूप राय ने बताया है कि घटना की जांच की जा रही है,आरोपियों के विरुद्ध जांचोपरांत करवाई की जाएगी।

नीतीश और राबड़ी देवी सहित 11 नव निर्वाचित एमएलसी ने ली शपथ

पटना। बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी सहित 11 नव निर्वाचित एमएलसी को शपथ दिलायी। बिहार विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन-2024 में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से नव निर्वाचित 11 सदस्यों ने विधान परिषद के सभागार में सादे समारोह में शपथ ली। इसमें जदयू से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, खालीद अनवर, भाजपा से मंत्री मंगल

पांडे, अनामिका सिंह, लाल मोहन गुप्ता, राजद से राबड़ी देवी, अब्दुल बारी सिद्दिकी, डॉ. उर्मिला ठाकुर, सैयद फैसल अली, हम से मंत्री संतोष कुमार सुमन एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की शशि यादव को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में बिहार विधान परिषद के सचिव अखिलेश कुमार झा ने निर्वाचन अधिसूचना एवं राज्यपाल द्वारा बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को शपथ दिलाने संबंधी गजट अधिसूचना पढ़ी। शपथ ग्रहण समारोह में विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सुमित सिंह, मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ दल संजय कुमार सिंह, सदस्यगण अवधेश नारायण सिंह, रामवचन राय, विरेन्द्र नारायण यादव, संजीव कुमार सिंह, रविन्द्र प्रसाद सिंह, नवल किशोर यादव, रेखा कुमारी, अनिल कुमार, राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

तीसरे चरण की पांच सीटों पर शाम छह बजे तक 60 प्रतिशत हुआ मतदान

पटना,एजेंसी। बिहार में तीसरे चरण की पांच लोकसभा सीटों पर मंगलवार को हुए चुनाव में शाम छह बजे तक 60 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बिहार की पांच सीटों पर वोटिंग हुई। इसमें सुपौल में 62 प्रतिशत, मधेपुरा में 61 प्रतिशत, अररिया में 62.50 प्रतिशत, खगड़िया में 58.00 प्रतिशत और झंझारपुर में 55.60 फीसदी मतदान हुआ। तीसरे चरण की वोटिंग के दौरान मौसम भी मेहरबान रहा है। सुहाने मौसम के बीच बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही थी। ऐसे में तीसरे चरण के चुनाव में पिछले दो चरणों के चुनाव से अधिक वोटिंग हुई है। मतदाताओं को कोई परेशानी न हो, इसे लेकर आयोग की तरफ से सभी तरह के जरूरी इंतजाम किए गए थे। मधुबनी के झंझारपुर लोकसभा के भेजा थाना के कोसी दियारा इलाकों में अश्वरोही दल लगातार गश्ती करते नजर आए। विभिन्न मतदान केंद्रों पर अश्वरोही दलों को देखा गया है।

सुपौल लोकसभा के छातापुर विधानसभा क्षेत्र के माधोपुर पंचायत के बूथ नम्बर 212 पर नसीमा खातून जिनकी उम्र 115 वर्ष है, उन्होंने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मां को वोट दिलवाने पहुंचे बेटे रफी अहमद ने बताया कि मतदान को लेकर वह सुबह से उत्साहित थी और घर के अन्य सदस्यों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही थी। अपने मताधिकार का प्रयोग करके मां काफी खुश हैं। खगड़िया की तेजस्विनी इंग्लैंड में रहती हैं। इंग्लैंड में साइक्लोजिस्ट और रिसर्चर हैं। जब तेजस्विनी को पता चला कि खगड़िया में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा तो वह इंग्लैंड से भारत आने का टिकट बनवा लिया और इलेक्शन से पहले खगड़िया पहुंच गयी। आज तेजस्विनी ने पूरे परिवार के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हुईं और

अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उल्लेखनीय है कि बिहार में तीसरे चरण की पांच लोकसभा सीटों पर सुपौल में जदयू उम्मीदवार दिलेश्वर कामत और राजद उम्मीदवार चंद्रहास चौपाल, मधेपुरा में जदयू उम्मीदवार दिनेश चंद्र यादव और राजद उम्मीदवार डॉ. कुमार चंद्रदीप, खगड़िया में लोजपा (रा.) राजेश वर्मा और सीपीआई (एम) के संजय कुमार सिंह, अररिया में भाजपा के प्रदीप सिंह और राजद के शाहनवाज आलम, झंझारपुर में जदयू के रामप्रीत मंडल और वीआईपी के सुमन महासेठ के बीच कड़ी टक्कर हुई।

वैशाख अमावस्या में त्रेता युग की शुरुआत हुई थी: गुरु साकेत

किशनगंज। महाकाल मंदिर में मंगलवार को अमावस्या पूजा की गई। महाकाल मंदिर के पुरोहित गुरु साकेत ने बताया कि इस बार वैशाख अमावस्या 8 मई को मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में वैशाख अमावस्या का विशेष महत्व बताया गया है। इसी महीने में त्रेता युग की शुरुआत हुई थी। वैशाख माह में पड़ने वाली अमावस्या को वैशाख अमावस्या कहते हैं। गुरु साकेत कहते है कि वैशाख अमावस्या पर कुंडली में मौजूद कालसर्प जैसे कष्टकारी दोषों को आसानी से दूर किया जा सकता है। वैशाख अमावस्या पर दान-स्नान और पितरों का तर्पण अत्यंत कल्याणकारी माना गया है। गुरु साकेत कहते है वैशाख अमावस्या के दिन स्नान-दान की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस दिन पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण या कर्मकांड करने से बहुत पुण्य मिलता है।

वैशाख अमावस्या के दिन बहते हुए जल में तिल का प्रवाह कर सकते हैं। इससे जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मकता का संचार होता है। वैशाख अमावस्या के दिन सूर्य देव को अर्घ्य देना बेहद शुभ होता है। स्नान और पूजन के बाद अपने सामर्थ्य के अनुसार दान करना भी बेहद फलदायी माना गया है। गुरु साकेत कहते है वैशाख अमावस्या पर कुछ सरल उपाय से कुंडली के कालसर्प दोष को भी दूर किया जा सकता है। इस दिन विधिवत पूजन के बाद पीपल के पेड़ को जल अर्पित करना भी शुभ होता है। गुरु साकेत ने बताया कि इस साल वैशाख अमावस्या तिथि 7 मई को (यानी आज मंगलवार को) सुबह 11 बजकर 41 मिनट पर आरंभ होगी और अगले दिन यानी 8 मई को सुबह 8 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी। हालांकि वैशाख अमावस्या 8 मई को ही मान्य है। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4.10 बजे से सुबह 4.52 बजे तक अमावस्या तिथि का स्नान किया जा सकता है। जबकि दान पुण्य के कार्य सुबह 5.34 बजे से सुबह 7.15 बजे तक करना शुभ रहेगा। गुरु साकेत ने बताया कि वैशाख अमावस्या के दिन गरीबों और जरूरतमंदों को अपनी क्षमतानुसार कपड़े, चीनी, अनाज और धन का दान करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से जातक पर पितरों की कृपा हमेशा बनी रहती है। अमावस्या तिथि के दिन पशु-पक्षियों के सेवा करना और उन्हें दाना खिलाना बेहद शुभ माना गया है। मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। वैशाख अमावस्या के दिन पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए ? कुल देवताभ्यों नमः मंत्र का जाप करना लाभकारी साबित हो सकता है। गुरु साकेत ने बताया कि वैशाख अमावस्या के महत्व से जुड़ी एक कथा पौराणिक ग्रंथों में मिलती है। प्राचीन काल में धर्मवर्ण नाम का एक ब्राह्मण था। वो बहुत ही धार्मिक और ऋषि-मुनियों का आदर करने वाला व्यक्ति था। एक बार उन्होंने किसी महात्मा के मुख से सुना कि कलियुग में भगवान विष्णु के नाम स्मरण से ज्यादा पुण्य किसी भी कार्य में नहीं है। धर्मवर्ण ने इस बात को आत्मसात कर लिया और सांसारिक जीवन छोड़कर संन्यास लेकर भ्रमण करने लगा। एक दिन घूमते हुए वह पितृलोक पहुंचा। वहां धर्मवर्ण के पितृ बहुत कष्ट में थे। पितरों ने उसे बताया कि उनकी ऐसी हालत तुम्हारे संन्यास के कारण हुई है। क्योंकि अब उनके लिए पिंडदान करने वाला कोई शेष नहीं है। यदि तुम वापस जाकर गृहस्थ जीवन की शुरुआत करो, संतान उत्पन्न करो तो हमें राहत मिल सकती है।

चुनाव ड्यूटी के दौरान तबियत बिगड़ने के बाद सीतामढ़ी के होमगार्ड के जवान को मौत

अररिया। अररिया में लोकसभा चुनाव के दौरान ऑन ड्यूटी होमगार्ड जवान की मंगलवार को मौत हो गई।अररिया के पलासी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचैली स्थित मतदान केंद्र संख्या 49,50 और 51 में उनकी तैनाती थी। अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई,जिसके बाद उसे आनन फानन में पलासी से अररिया सदर अस्पताल ले जाया गया,जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक होम गार्ड जवान सीतामढ़ी के रंजीतपुर गांव निवासी 56 वर्षीय महेंद्र साह है। वे 1989 बैच के होम गार्ड जवान थे और सेवानिवृति के 4 साल शेष बचे हुए थे। चिकित्सक के द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद शव को पोस्टमार्टम कराया गया। घटना की जानकारी परिजन को दी गई है।

मृतक होम गार्ड जवान के साथी राम किशुन साह ने जानकारी देते हुए बताया कि वे उनके साथ ही सीतामढ़ी के डुमरा में पोस्टेड थे। 1989 में वे बतौर होम गार्ड जवान बहाल हुए थे और उनकी सेवा को 4 साल और बचे थे। घटना पर जिलाधिकारी इनायत खान,एसपी अमित रंजन एवं होमगार्ड के समादेष्टा ममता कुमारी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक को सरकारी प्रावधान के अनुसार सारी

सुविधा प्रदान करने की बात कही। उल्लेखनीय हो कि चुनाव को लेकर किशनगंज से अररिया पहुंचे मुजफ्फरपुर के दो होमगार्ड जवान की मौत पहले हो चुकी है। मुजफ्फरपुर के होमगार्ड को जवान सुधीर कुमार सिंह की जहां हर्ट अटैक से मौत हुई थी।वहीं मुजफ्फरपुर के रोशन कुमार की मौत रविवार को ड्यूटी के लिए मतदान केंद्र जाने के क्रम में अररिया फारबिसगंज मार्ग में बरदाहा चौक के समीप सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

नवादा पुलिस ने आठ साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

नवादा। पुलिस ने मंगलवार को वारसलीगंज थाने के गौसपुर में छापेमारी कर 8 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से नगद रुपये सहित भारी संख्या में ठगी में प्रयुक्त होने वाले सामानों की भी बरामद की की है। नवादा में ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम ठगी करने वाले 8 साइबर अपराधियों को पुलिस ने दबोचा है। इनके पास से 13 मोबाईल, 05 एटीएम कार्ड और 1,83,670 रुपये बरामद किए गए हैं। नवादा जिला साईबर क्राईम का सुरक्षित जोन बन गया है। लगातार यहां से साइबर क्राइम की घटना सामने आ रही है। पूरे देश के लोगों को नवादा में रहकर साईबर फ्रॉड किया जा रहा है।

नवादा जिले के वारिसलीगंज थानाक्षेत्र के गोसपुर ग्राम में मंगलवार को वारिसलीगंज थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि गोसपुर ग्राम में कुछ साईबर क्राईमर इकट्ठा हुए हैं। जिनके द्वारा भोले-भाले जनता को ठगने का काम किया जा रहा है। सूचना मिलने पर तुरंत थानाध्यक्ष ने नवादा पुलिस अधीक्षक को सूचना दिया। जिसके बाद एक टीम गठित कर उक्त स्थान पर घेराबंदी कर छापेमारी किया। पुलिस ने देखा कि कि गोसपुर हॉल्ट के सौ मीटर दूरी पर उतर दिशा में वाल्मीकि सिंह के अर्धनिर्मित मकान में कुछ साईबर अपराधी अपराध कारित कर रहे हैं। पुलिस को देखकर साईबर अपराधी भागने लगे। लेकिन पुलिस ने कुल 08 साईबर अपराधी को धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि एक साईबर अपराधी दीवार कूदकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने सभी अपराधी को स्थानीय थाना लाकर पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस को बताया कि इन लोगों द्वारा एक योजना के तहत फेसबुक पर धनी फाईनेंस एवं अन्य विश्वसनीय संस्था के नाम से फर्जी आईडी बनाई जाती है।

कस्टमर से नंबर निकालकर धनी फाईनेंस के नाम से ऑनलाईन लोन दिलाने के लिए ग्राहक को फोन करते हैं। जब कोई ग्राहक इनके जाल में फंस जाते हैं तो उनको विश्वास दिलाने के लिए उनके डॉक्यूमेंट जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं ईमेल आदि की छायाप्रति की मांग की जाती है। इसके बाद एनओसी के नाम पर ग्राहक से छोटी रकम मांगी जाती है। उसके बाद डॉक्यूमेंट अप्रूव होने के नाम पर प्रोसेसिंग शुल्क की मांग की जाती है। इसी तरह ग्राहकों से हजारों की ठगी कर ली जाती थी। पुलिस ने जो 08 साईबर ठगों को गिरफ्तार किया है। उनमें दिलखुश कुमार उम्र 22 वर्ष पिता मनोज सिंह, त्रिपुरारी कुमार उम्र 28 वर्ष पिता संजय कुमार ,प्रशांत कुमार उम्र 28 वर्ष पिता योगेन्द्र सिंह, बिट्टू कुमार 28 वर्ष पिता वाल्मीकि सिंह, अंकुर कुमार उम्र 26 वर्ष पिता शंभू शरण सिंह, खिखर सिंह उम्र 29 वर्ष पिता स्व. परमानंद सिंह, रोहित कुमार उम्र 27 वर्ष पिता राजेश सिंह इन सभी वारिसलीगंज थानाक्षेत्र के गोसपुर ग्राम के निवासी हैं। एक अन्य नालंदा जिले के कतरीसराय थानाक्षेत्र के कटौना ग्राम निवासी गौतम कुमार पिता भूषण सिंह शामिल है।

नाम निर्देशन की संवीक्षा पूर्ण, 11 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य

गोपालगंज। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र गोपालगंज सुरक्षित हेतु सामान्य प्रक्षेक आईएएस तन्वी सुन्दरीयाल की उपस्थित में जिला निर्वाची पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी मो मकसूद आलम ने नाम निर्देशन पत्र की स्कूटनी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अभ्यर्थियों के समक्ष की। इस अवसर पर अपर समाहर्ता आशीष कुमार सिन्हा, लोकसभा चुनाव नामांकन कोषांग के नोडल पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्त्ता आपदा प्रबंधन मो सादुल हसन, उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉ शशी प्रकाश राय,लॉयजेनिंग अधिकारी सामान्य प्रेक्षक सुश्री पिंकी भारती उपस्थित थी। छठें चरण के निर्वाचन के लिए नामांकन के अंतिम दिन तक कुल 11 अभ्यर्थियों द्वारा 16 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया था। कुल नामांकन करने वाले ग्यारह प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गयी। जो सही पाए गए। जिसमें बहुजन समाज पार्टी से सुजीत राम, एआईएमईएम पार्टी के प्रत्याशी दीनानाथ मांझी पिता-गुलाब मांझी ग्राम -बनकटा,थाना-गोपालपुर द्वारा दो सेट में अपना नामांकन दाखिल किया गया।

बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रत्याशी जितेन्द्र राम पिता-मोहन राम ग्राम-रूदलपुर टोला- हीरापाकड़ थाना-भोरे द्वारा आज पुनः एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया,साथ ही बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुजीत कुमार राम पिता पुनदेव राम ग्राम-भगवानपुर थाना-थावे ने भी आज पुनःएक सेट में नामांकन दाखिल किया। निर्दलीय प्रत्याशी नमी राम पिता-मंशी राम ग्राम-मधुसरयॉ थाना-मांझा ने एक सेट में और अंत में निर्दलीय प्रत्याशी अनिल राम पिता-मुसाफिर राम ग्राम जादोपुर दुखहरण थाना-जादोपुर द्वारा अपना नामांकन पत्र एक सेट में दाखिल किया गया। सुरक्षा पार्टी से रामकुमार मंझी पिता स्व अनूप मॉझी,ग्राम जगरनाथा थाना मांझा ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

मैथली ठाकुर ने मतदाता जागरूकता का अवाहन किया

समस्तीपुर। आगामी 13 मई को समस्तीपुर जिले में लोकसभा निर्वाचन को लेकर जिला प्रशासन के सौजन्य से स्टेट स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत ,सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद मौके पर अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समस्तीपुर व उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के मतदान में मात्र छह दिन ही बचे हैं। इसमें प्रत्येक मतदाता स्वतंत्र, निष्पक्ष, व भय मुक्त वातावरण में निर्भीक होकर अपने-अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत प्रयोग करें।

पहली बार मताधिकार का प्रयोग कर रहे नए मतदाताओं से विशेष अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान अवश्य करें। वहीं उप निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार ने मतदाताओं से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं मतदान करे और दूसरो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। तत्पश्चात उपस्थित मतदाताओं को अपर समाहर्ता के द्वारा सभी 13 मई को मतदान करने की शपथ दिलायी गया, इससे पूर्व उन्होंने स्टेट स्वीप आइकॉन मैथिली

ठाकुर को अंगवस्त्र और पाग से सम्मानित किया। इसके बाद लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने, चलो मतदान करें हम मतदाता जागरूकता गीत के साथ अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की और अपने सु-मधुर गीतो से समा बांध दिया। मैथिली ठाकुर ने सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद लोगों को भावनात्मक रूप से जगाने के लिए मैथिली ठाकुर ने दिल दिया है जान भी देंगे, ऐ वतन तेरे लिए की प्रस्तुति दी और श्रोताओं की मांग पर राम जी से पूछे जनकपुर की नारी, मैथिली गीत से लोगो का मन मोह लिया। इस

एक नजर

फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने गाजा युद्ध समाप्ति समझौते पर मिस्र, कतर के प्रयासों की सराहना

रामल्ला। फिलीस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने गाजा पट्टी में युद्धविराम समझौते के लिए मिस्र और कतर के प्रयासों की सराहना की है। फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी (डब्ल्यूएएफए) द्वारा प्रकाशित एक बयान में अब्बास ने संघर्ष विराम और गाजा पट्टी से इजराइल की पूर्ण वापसी की आशा जताई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वह इजराइल पर युद्धविराम पर सहमत होने के लिए दबाव डाले और फिलिस्तीनी क्षेत्रों पर इजराइली कब्जे को खत्म करने के लिए प्रयास करे। इससे पहले मंगलवार को हमास ने कहा था कि उसने मामले में मध्यस्थता कर रहे मिश्र और कतर को सूचित कर दिया है कि उसे गाजा पट्टी के लिए युद्धविराम प्रस्ताव मंजूर है। हमास ने एक बयान में कहा कि हमास के राजनीतिक ब्यूरो प्रमुख इस्माइल हानियेह ने कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी और मिस्र के खुफिया प्रमुख अब्बास कामेल को फैसले की जानकारी देने के लिए फोन किया। हमास ने युद्ध विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने की घोषणा इजराइली सेना द्वारा दक्षिणी गाजा के राफा के पूर्वी क्षेत्र में लगभग एक लाख निवासियों को पट्टी के दक्षिण-पश्चिम में अल-मवासी क्षेत्र में शिफ्ट करने के एलान के कुछ घंटों बाद की।

पेरू में बस पलटने से 10 लोगों की मौत

लीमा। पेरू के दक्षिणी क्षेत्र पुनो में सोमवार तड़के यात्री बस के पलट जाने से करीब 10 लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी एंडिना की रिपोर्ट के अनुसार दुर्घटना स्थानीय समयानुसार लगभग 02.00 बजे उस समय हुई , जब ट्रांसपोर्टेस टूरिस्मो यूनिवर्सल नामक कंपनी द्वारा संचालित अंतरप्रांतीय बस कुस्को शहर की ओर जा रही थी। इसी दौरान बस सड़क सड़क पर पलट गयी। बस में 24 यात्री सवार थे। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गयी और कयी लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। सरकारी टीवी पेरू नोटिसियास ने कहा कि घायलों को इलाज के लिए सैन जुआन डे डिओस अयाविरी अस्पताल और सांता रोजा जिले के एक क्लिनिक में ले जाया गया। इनमें कुछ लोगों की हालत गंभीर बतायी गयी है।

इक्वाडोर की नौसेना के हेलीकॉप्टर दुर्घटना में दो पायलटों की मौत

क्विटो। इक्वाडोर की नौसेना का एक हेलीकॉप्टर सोमवार को दक्षिण-पश्चिमी तटीय प्रांत सांता एलेना में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार दो पायलटों की मौत हो गई। नौसेना ने एक बयान में कहा, बेल 430 हेलीकॉप्टर एक नियोजित मिशन पर था जब वह सांता एलेना के जुंटास डेल पैसिफिको कम्यून में स्थानीय समयानुसार लगभग 02:30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बयान के अनुसार, बचावकर्मियों ने हेलीकॉप्टर के दुर्घटनास्थल का पता लगा लिया है और दोनों पायलटों के शव बरामद कर लिए हैं। दुर्घटना के कारणों को अभी तक पता नहीं चल पाया है। उल्लेखनीय है कि 26 अप्रैल को बाढ़ पीड़ितों के लिए मानवीय सहायता पहुंचाते समय सेना का एक हेलीकॉप्टर पूर्वी अमेजोनियन प्रांत पास्ताज़ा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पांच सैनिकों और तीन नागरिकों सहित आठ की मौत हो गयी।

चीन में एक अस्पताल में चाकू से हमला, कम से कम 10 लोगों के हताहत होने की आशंका

बीजिंग। चीन के सरकारी मीडिया ने खबर दी है कि देश के दक्षिण पश्चिम में एक अस्पताल में चाकू से किए गए हमले में लोगों के हताहत होने की आशंका है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने कहा कि युन्नान प्रांत में मंगलवार को हुए हमले में 10 से अधिक लोग हताहत हुए। गुइझोउ प्रांत के टेलीविजन की एक ऑनलाइन पोस्ट में अज्ञात अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा गया कि हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 23 लोग घायल हो गए। पोस्ट में कहा गया है कि एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह हमला झाओतोंग शहर के जेनशियोंग काउंटी पीपुल्स अस्पताल में हुआ।

इजराइली सेना का मिस्र के साथ लगे रफह क्रॉसिंग के गाजा की ओर के हिस्से पर नियंत्रण

यरूशलम। इजराइली सेना ने कहा कि उसने सोमवार से मंगलवार की रात तक दक्षिणी गाजा पट्टी में रफह क्रॉसिंग के गाजा की ओर के हिस्से पर 'परिचालन नियंत्रण' स्थापित कर लिया है। इजराइली मीडिया पर प्रसारित फुटेज में क्रॉसिंग के गाजा की ओर एक इजराइली झंडा लहराता हुआ दिखाया गया। हालांकि इजराइली सेना ने इस झंडे पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इजराइली सेना ने सोमवार रात को कहा कि वह पूर्वी राफह में 'लक्षित हमले' कर रही है। इसमें कहा गया है कि अभियान में हमास के 20 आतंकवादी मारे गए और सुरंग में तीन शाफ्ट की खोज की गई। इजराइली सेना के एक अधिकारी ने कहा कि निकासी क्षेत्र में मौजूद अधिकतर लोग वहां से चले गए हैं। इजराइली रक्षा बलों और फलस्तीन के अधिकारियों ने कहा कि गाजा शहर के ठीक दक्षिण में क्रॉसिंग को इजराइली टैंकों ने अपने कब्जे में ले लिया है। ये टैंक हथियारों से लैस ब्रिगेड का हिस्सा हैं। फलस्तीनी क्रॉसिंग अथॉरिटी के प्रवक्ता वाएल अबू उमर ने कहा कि क्रॉसिंग युद्धग्रस्त पट्टी में मानवीय सहायता का मुख्य प्रवेश द्वार था, जो कि सेवा से बाहर था। अबू उमर ने कहा, कल से (रफह का) पूरा पश्चिमी क्षेत्र अभियान का युद्ध क्षेत्र बन गया है। बमबारी रुकी नहीं है। उन्होंने कहा कि बमबारी के कारण चालक दल के सदस्य वहां से भाग गए हैं।

इजराइली नेताओं ने गाजा पट्टी के रफह शहर में सैन्य अभियान को मंजूरी दी

यरूशलम,एजेंसी। इजराइली नेताओं ने गाजा पट्टी के रफह शहर में एक सैन्य अभियान को मंजूरी दे दी है और इजराइली सेना अब क्षेत्र में हमास के ठिकानों पर हमले कर रही है। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। यह कदम हमास द्वारा यह घोषणा करने के कुछ घंटे बाद आया कि उसने मिस्र और कतर के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि यह प्रस्ताव 'इजराइल की आवश्यक मांगों से बहुत दूर' था, लेकिन फिर भी वह संघर्ष विराम समझौते पर बातचीत जारी रखने के लिए वार्ताकारों को भेजेगा। हमास ने सोमवार को घोषणा की कि उसने मिस्र और कतर के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन इजराइल ने कहा कि वह प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा है। इस वजह से यह निश्चित नहीं है कि गाजा में सात महीने से चल रहे युद्ध को रोकने के लिए कोई समझौता हुआ है या नहीं। आगे और भी रक्तपात की आशंका को रोकने के लिए समझौता आशा की पहली किरण था। कुछ घंटे पहले ही इजराइल ने लगभग 1,00,000 फलस्तीनियों को दक्षिणी गाजा शहर रफह को खाली करने का आदेश दिया था। इससे यह संकेत मिले थे कि जल्द ही हमला होगा। अमेरिका और इजराइल के अन्य प्रमुख सहयोगी देश रफह पर हमले का विरोध कर रहे हैं। इस शहर में लगभग 14 लाख फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं, जो गाजा की आधी से अधिक आबादी के बराबर है। हमास की घोषणा के बाद रफह में फलस्तीनी खुशी से झूम उठे थे। उन्हें इससे हमला टलने की उम्मीद थी। इजरायली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने हमास की प्रतिक्रिया पर कहा, 'हम प्रत्येक उत्तर की जांच कर रहे हैं और बहुत गंभीरता से जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि इस बीच इजराइल का सैन्य अभियान जारी रहेगा। इजराइल की योजना से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि हमास का प्रस्तव इजराइल की रूपरेखा के अनुरूप नहीं है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी हमास की प्रतिक्रिया की समीक्षा कर रहे हैं और क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ इस पर चर्चा कर रहे हैं। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इस बात की जांच कर रहा है कि क्या हमास इजराइल और अंतरराष्ट्रीय वार्ताकारों द्वारा किए गए समझौते के किसी संस्करण पर सहमत है या कुछ और है। प्रस्ताव का विवरण जारी नहीं किया गया है। पिछले हफ्ते इस क्षेत्र का दौरा करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने हमास पर समझौता करने के लिए दबाव डाला था। मिस्र के अधिकारियों के अनुसार हमास इजराइल के सभी बंधकों की रिहाई के बदले में युद्ध खत्म करने और इजराइल की पूर्ण रूप से वापसी की अपनी प्रमुख मांग के लिए स्पष्ट गारंटी चाह रहा था।

सिख अलगाववादी नेता की हत्या की कथित साजिश में भारत की जांच के नतीजों का इंतजार: अमेरिका



वाशिंगटन,एजेंसी। अमेरिका में सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश से संबंधित आरोपों पर भारत द्वारा की जा रही जांच के नतीजों का अमेरिका इंतजार कर रहा है। विदेश विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'उन्होंने (भारत सरकार ने) मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है और जांच जारी है, हम जांच के नतीजों का इंतजार करेंगे। लेकिन हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह कुछ ऐसा है जिसे हम गंभीरता से ले रहे हैं और हमें लगता है कि उन्हें भी इसे गंभीरता से लेना चाहिए। मिलर उन आरोपों पर पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे जिनमें कहा गया है कि भारत सरकार के अधिकारी अमेरिकी नागरिक और अलगाववादी सिख नेता पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल थे।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा ''मैं आपको वहां की जांच के विवरण के बारे में बात करने के लिए कनाडा के अधिकारियों का संदर्भ दूंगा। अभियोग के संबंध में, मैं न्याय विभाग को विस्तार से ब्यौरा पेश करने के लिए कहूंगा। उन्होंने कहा ''इसके बाद ही मैं कह पाउंगा कि विदेश मंत्रालय के पास यह मामला आते ही हमने स्पष्ट कर दिया था कि ये आरोप पहले सार्वजनिक किए गए और यह कुछ ऐसा है जिसे भारत को गंभीरता से लेना चाहिए और जांच करनी चाहिए।' वाशिंगटन पोस्ट' ने अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए हाल ही में रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के एक अधिकारी का नाम, पिछले साल अमेरिकी में पन्नू को मारने की कथित साजिश के संबंध में लिया था। भारत ने इस रिपोर्ट की आलोचना करते हुए इन दावों को खारिज कर दिया है और कहा है कि रिपोर्ट में एक गंभीर मामले पर अनुचित और अप्रमाणित आरोप लगाए गए हैं और मामले की जांच जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने पिछले मंगलवार को नई दिल्ली में कहा, 'संबंधित रिपोर्ट एक गंभीर मामले पर अनुचित और निराधार आरोप लगाती है। जायसवाल ने कहा कि कथित साजिश पर अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी की जांच के लिए नई दिल्ली द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय समिति अभी भी मामले की जांच कर रही है।

बोइंग ने रॉकेट में वॉल्व संबंधी समस्या के कारण पहली अंतरिक्ष यात्री उड़ान को रद्द किया

केप केनावेरल। बोइंग ने सोमवार रात अपने रॉकेट में वॉल्व संबंधी समस्या के कारण अपने पहले अंतरिक्षयान प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया। नासा के दो परीक्षण पायलटों ने प्रक्षेपण के तय समय से करीब दो घंटे पहले उलटी गिनती समाप्त होने के बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की उड़ान के लिए बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल में प्रवेश किया ही था, तभी इसे स्थगित कर दिया गया।

यूनाइटेड लॉन्च अलायंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) टोरी ब्रूनो ने कहा कि कंपनी के एटलस रॉकेट के ऊपरी चरण पर एक ऑक्सीजन दबाव-राहत वॉल्व खुलने और बंद होने लगा, जिससे तेज आवाज पैदा हुई। ब्रूनो ने कहा, हो सकता है कि वॉल्व अपने 2,00,000 जीवनकाल चक्र को पार कर गया हो, जिसका मतलब है कि इसे बदलना होगा और लॉन्च को अगले सप्ताह तक आगे बढ़ाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि लेकिन अगर इंजीनियर यह निर्धारित कर सकें कि वॉल्व अब भी कार्य सीमा के भीतर है, तो प्रक्षेपण दल शुक्रवार तक फिर से प्रयास कर सकता है। कैप्सूल में दिक्कतों के कारण कई साल से लंबित बोइंग की पहली उड़ान में एक बार फिर देरी हो गई। ब्रूनो ने कहा कि एटलस के कुछ अन्य रॉकेट प्रक्षेपण उपग्रहों में भी पिछले साल इसी तरह की वॉल्व संबंधी समस्या आई थी। हालांकि, परेशानी खड़ी कर रहे वॉल्व को तत्काल हटाकर इससे छुटकारा पा लिया गया था। लेकिन अंतरिक्ष यात्रियों की उड़ानों के लिए कंपनी के सख्त उड़ान नियम हैं जिसमें चालक दल के सवार होने पर वॉल्व का पुनर्चक्रण प्रतिबंधित है।

बांग्लादेश के विश्वविद्यालयों में फलस्तीन के समर्थन में छात्रों ने किया मार्च

ढाका,एजेंसी। फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन अब अमेरिका के विश्वविद्यालयों से होते हुए बांग्लादेश के विश्वविद्यालयों में पहुंच गया है। बांग्लादेश में सत्तारूढ़ पार्टी की छात्र शाखा से जुड़े छात्रों ने इजराइल-हमास युद्ध समाप्त करने और स्वतंत्र फलस्तीन के निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को देश भर के विश्वविद्यालयों में मार्च किया। ढाका विश्वविद्यालय के परिसर में बांग्लादेश छात्र लीग के कार्यकर्ताओं ने इजराइल विरोधी नारे लगाते हुए बांग्लादेशी और फलस्तीनी का झंडा लेकर मार्च किया। वे फलस्तीन को मुक्त करो, नरसंहार बंद करो लिखे बैनर लेकर चल रहे थे। छात्र समूह ने कहा कि उसने अमेरिका में विरोध प्रदर्शनों के साथ एकजुटता दिखाने और गाजा में इजरायली सैन्य कार्रवाई के खिलाफ बढ़ते गुस्से के कारण प्रदर्शनों का आयोजन किया। उन्होंने नरसंहार और मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान किया।

इस बीच, अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय ने विरोध प्रदर्शन को देखते हुए 15 मई को होने वाले विश्वविद्यालय स्तर के मुख्य आयोजन को टाल दिया है। इसकी जगह छोटे-छोटे स्तर पर कार्यक्रम के आयोजन का फैसला लिया गया है। मैनहट्टन में आईवी लीग स्कूल के अधिकारियों ने कहा कि छात्रों से मिले फीडबैक के आधार पर हमने अपने कक्षा दिवसों और स्नातक समारोहों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया है।

ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस चैरिटी कोप्पाफील की संस्थापक क्रिस हालेंगा का 38 वर्ष की आयु में निधन

लंदन। ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस चैरिटी कोप्पाफील की संस्थापक क्रिस हालेंगा का 38 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने इंग्लैंड के कॉर्नवाल में अपने घर पर आखिरी सांस ली। हालेंगा ने अपने जीवन के आखिरी समय तक लाखों महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया। दरअसल, ब्रेस्ट कैंसर को लेकर जागरुकता फैलाने वाली क्रिस हालेंगा को 15 साल पहले टर्मिनल ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था। एक साल से ज्यादा समय तक अपने अभिभावकों से दूर रहने के बाद हालेंगा का 23 साल की उम्र में ब्रेस्ट कैंसर का इलाज हुआ था। क्रिस हालेंगा के मित्र और लेखक फर्ने कॉटन ने उनके निधन पर कहा, जितना मैंने किसी को जीवित देखा है, वह उससे कहीं अधिक जिंदगी जीती थीं। उल्लेखनीय है कि कोप्पाफील मिशन युवतियों को ब्रेस्ट कैंसर के बारे में शिक्षित करता है। संस्था की जागरुकता की वजह से कई युवतियों को दोबारा अपनी सामान्य जिंदगी जीने में मदद मिली। कोप्पाफील ने सोमवार को हालेंगा की मौत की पुष्टि करते हुए कहा, क्रिस ने जीवन को बेहद रचनात्मक, मजेदार और निडर तरीके से जिया और हमें दिखाया कि कैंसर के साथ भी जीवन को पूरी तरह से जीना संभव है।

गाजा के रफा शहर में घुसे इजरायली टैंक, हमास के आतंकी ठिकानों पर कर रहे लक्षित हमले

गाजा,एजेंसी। इजरायली सेना ने मंगलवार को गाजा पट्टी के दक्षिणी क्षेत्र राफा सीमा पर हमला किया। फिलिस्तीनी और इजरायली सूत्रों ने यह जानकारी दी। फिलिस्तीनी सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि इजरायली टैंकों ने राफा सीमा पर हमला किया और इस क्षेत्र को अपने नियंत्रण में ले लिया है और फिलिस्तीनियों को सीमा पार जाने से रोका जा रहा है। गाजा में जनरल अथॉरिटी फॉर क्रॉसिंग एंड बॉर्डर्स ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, राफा सीमा पार और केरेम शालोम दोनों में लोगों और मानवीय सहायता की आवाजाही बंद हो गयी है।

इजरायली सेना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा की है, जिसमें एक टैंक सीमा के क्षेत्र पर हमला कर रहा है।इस बीच, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की गयी अन्य तस्वीरों में राफा सीमा के प्रवेश द्वार पर एक इजरायली झंडा लहरा रहे हैं। दरअसल हमास ने सात महीने से चल रहे युद्ध को खत्म करने के उद्देश्य से मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता में पेश किए गए सीजफायर प्रस्ताव को मंजूर कर लिया था। मंगलवार सुबह इजरायली रक्षा बलों ने एलान किया कि वह पूर्वी रफा में हमास के आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले कर रहे हैं। नाम ने छापने की शर्त पर बताया, मिस्त्र ने राफा क्रॉसिंग के फिलिस्तीनी हिस्से के आसपास इजरायली घुसपैठ के बारे में पूछताछ की है और इजरायल ने जवाब दिया कि ऑपरेशन मंगलवार सुबह खत्म हो जायेगा। उन्होंने कहा कि इजरायल क्रॉसिंग पर सेंध नहीं लगायेगा और न ही उस पर नियंत्रण करेगा।

तुर्किये ने पीकेके के खिलाफ कार्रवाई करने को इराक में किए हवाई हमले, 16 आतंकी ढेर

अंकारा। तुर्किये ने सोमवार को प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) को निशाना बनाते हुए उत्तरी इराक में हवाई हमले किए। तुर्किये ने हमले में 16 पीकेके आतंकियों के मारे जाने का दावा किया है। पीकेके 1984 से तुर्किये के खिलाफ हथियार उठाकर विद्रोह कर रहा है।

जिसे तुर्किये, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपियन यूनियन ने आतंकी संगठन घोषित कर रखा है।

वहीं तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उत्तरी इराक के हाकुर्क, मेटिना और गारा क्षेत्र में पीकेके आतंकियों को निष्प्रभावी कर दिया गया है। गत माह तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने उत्तरी इराक में पीकेके लड़ाकों की मौजूदगी को लेकर इराक के कुर्दिस्तान स्वायत्त क्षेत्र की राजधानी इरबिल और बगदाद में अधिकारियों के साथ बातचीत की थी और प्रतिबंधित समूह के खिलाफ बगदाद का समर्थन मांगा था। इसके बाद बगदाद ने गत मार्च में समूह को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया था।

फलस्तीन और मिस्र के अधिकारियों ने कहा कि इजराइल के टैंक दक्षिणी गाजा के शहर रफह में घुसे

यरूशलम,एजेंसी। एक फलस्तीनी सुरक्षा अधिकारी और एक मिस्र के अधिकारी ने दावा किया कि इजराइली टैंक दक्षिणी गाजा शहर रफह में घुस गए और पड़ोसी देश मिस्र के साथ इसकी क्रॉसिंग से लगभग 200 मीटर अंदर पहुंच गए हैं। मिस्र के अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अभियान का दायरा सीमित है। उन्होंने और हमास के अल-अक्सा टीवी ने कहा कि इजराइली अधिकारियों ने मिस्रवासियों को सूचित किया कि अभियान पूरा करने के बाद सैनिक वापस चले जाएंगे।

वहीं इजराइली सेना ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। रविवार को, रफह क्रॉसिंग के पास हमास के लड़ाकों ने दक्षिणी इजराइल में मोर्टार दागे, जिसमें चार इजराइली सैनिक मारे गए। इससे पहले इजराइली नेताओं ने गाजा पट्टी के रफह शहर में एक सैन्य अभियान को मंजूरी दे दी थी जिसके बाद इजराइली सेना अब क्षेत्र में हमास के ठिकानों पर हमले कर रही है। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। यह कदम हमास द्वारा यह घोषणा करने के कुछ घंटे बाद उठाया गया कि उसने मिस्र और कतर के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि यह प्रस्ताव 'इजराइल की आवश्यक मांगों से बहुत दूर' था, लेकिन फिर भी वह संघर्ष विराम समझौते पर बातचीत जारी रखने के लिए वार्ताकारों को भेजेगा। हमास ने सोमवार को घोषणा की कि उसने मिस्र और कतर के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन इजराइल ने कहा कि वह प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा है। इस वजह से यह निश्चित नहीं है कि गाजा में सात महीने से चल रहे युद्ध को रोकने के लिए कोई समझौता हुआ है या नहीं। आगे और भी रक्तपात की आशंका को रोकने के लिए समझौता आशा की किरण था। कुछ घंटे पहले ही इजराइल ने लगभग 1,00,000 फलस्तीनियों को दक्षिणी गाजा शहर रफह को खाली करने का आदेश दिया था। इससे यह संकेत मिले थे कि जल्द ही हमला होगा। अमेरिका और इजराइल के अन्य प्रमुख सहयोगी देश रफह पर हमले का विरोध कर रहे हैं। इस शहर में लगभग 14 लाख फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं, जो गाजा की आधी से अधिक आबादी के बराबर है। हमास की घोषणा के बाद रफह में फलस्तीनी खुशी से झूम उठे थे। उन्हें इससे हमला टलने की उम्मीद थी। इजराइली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने हमास की प्रतिक्रिया पर कहा, 'हम प्रत्येक उत्तर की जांच कर रहे हैं और बहुत गंभीरता से जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि इस बीच इजराइल का सैन्य अभियान जारी रहेगा। इजराइल की योजना से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि हमास का प्रस्ताव इजराइल की रूपरेखा के अनुरूप नहीं है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी हमास की प्रतिक्रिया की समीक्षा कर रहे हैं और क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ इस पर चर्चा कर रहे हैं। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इस बात की जांच कर रहा है कि क्या हमास इजराइल और अंतरराष्ट्रीय वार्ताकारों द्वारा किए गए समझौते के किसी संस्करण पर सहमत है या कुछ और है। प्रस्ताव का विवरण जारी नहीं किया गया है। पिछले हफ्ते इस क्षेत्र का दौरा करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने हमास पर समझौता करने के लिए दबाव डाला था। मिस्र के अधिकारियों के अनुसार, हमास इजराइल के सभी बंधकों की रिहाई के बदले में युद्ध खत्म करने और इजराइल की पूर्ण रूप से वापसी की अपनी प्रमुख मांग के लिए स्पष्ट गारंटी चाह रहा था।

एक नजर

इगोर स्टिमैक ने भुवनेश्वर शिविर के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने मंगलवार को भुवनेश्वर शिविर के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की। भारतीय टीम को जून में कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 प्रारंभिक संयुक्त योग्यता राउंड 2 के मैच खेलने हैं। गौरतलब है कि संभावित खिलाड़ियों की पहली सूची शनिवार को घोषित की गई थी। दूसरी सूची में शामिल खिलाड़ी 15 मई से भुवनेश्वर शिविर में प्रशिक्षण लेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पहली सूची के 26 खिलाड़ी 10 मई को ओडिशा की राजधानी में प्रशिक्षण शुरू करेंगे। दूसरी सूची के 15 खिलाड़ी, जिनमें मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) कप फाइनल में भाग लिया था, 15 मई को शिविर में शामिल होंगे। एआईएफएफ के बयान के अनुसार, कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा लेंगे। भारतीय टीम 6 जून को कोलकाता में कुवैत से भिड़ेगी, उसके बाद 11 जून को ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में कतर का सामना करेगी। भारत फिलहाल चार मैचों में चार अंक लेकर ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के राउंड 3 के लिए क्वालीफाई करेंगी और एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 में अपना स्थान पक्का करेंगी। भुवनेश्वर शिविर (15 मई से प्रशिक्षण) के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची इस प्रकार है- फुरबा टेम्पा लाचेनपा, विशाल कैथ, आकाश मिश्रा, अनवर अली, मेहताब सिंह, राहुल भेके, सुभाशीष बोस, अनिरुद्ध थापा, दीपक टांगरी, लालेंगमाविया राल्ते, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलाको, सहल अब्दुल समद, मनवीर सिंह और विक्रम प्रताप सिंह।

इगोर स्टिमक ने भुवनेश्वर शिविर के लिये 15 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

नई दिल्ली। भारतीय सीनियर पुरूष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन दूसरे दौर के मुकाबलों के लिये 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की। पहली सूची शनिवार को जारी की गई थी। पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से अभ्यास शुरू करेंगे। दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे। कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे। भारत का सामना छह जून को कोलकाता में कुवैत से और 11 जून को कतर में कतर से होगा। भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी और एएफसी एशियाई कप का टिकट कटायेंगी।

संभावित खिलाड़ियों की सूची

गोलकीपर: पी तेमपा लाचेंपा, विशाल कैथ

डिफेंडर: आकाश मिश्रा, अनवर अली, मेहताब सिंह, राहुल भेके, शुभाशीष बोस,

मिडफील्डर: अनिरूद्ध थापा, दीपक टंगड़ी, लालेंगमाविया राल्टे, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, सहल अब्दुल समद।

दुबे और यशस्वी जायसवाल होंगे भारत की सफलता की कुंजी : शास्त्री

दुबई,एजेंसी। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। शास्त्री ने आईसीसी से कहा,'' दोनों बायें हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। एक यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह युवा है और बेखौफ खेलता है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170 . 73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाये हैं। शास्त्री ने कहा, मध्यक्रम में उसे देखियेगा। वह आक्रामक है और मैच विनर है। वह मजे के लिये छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को बखूबी खेलता है। उन्होंने कहा,'' तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी वह असरदार है। पांचवें छठे नंबर पर उसकी भूमिका अहम होगी। अगर कोई 20 . 25 ओवर में खेल का नक्शा बदल सकता है, तो वह है। उसका स्ट्राइक रेट 200 के आसपास है जिससे भारत को काफी मदद मिलेगी।

आईपीएल: दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हराया

नई दिल्ली,एजेंसी। अभिषेक पारेल (65) और जैक फ्रेजर-मक्गर्क (50) रनों की बेहतरीन पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 56वें मुकाबले में राजस्थान रायल्स को 20 रन से हराकर अपनी छठीं जीत दर्ज करते हुए प्ले ऑफ की उम्मीद जिंदा रखा।

222 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में यशस्वी जयसवाल (4) का विकेट गवां दिया। छठे ओवर में अक्षर ने जॉस बटलर को (19) को आउट कर राजस्थान को दूसरा झटका दिया। रियान पराग 22 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुये। संजू सैमसन ने 46 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (86) रनों की पारी खेली। उन्हें मुकेश ने होप के हाथों कैच आउट कराया। शिवम दूबे (25), डॉवोन फरेरा (1) रवि अश्विन (2) रन बनाकर आउट हुये। जब तक संजू सैमसन और शिवम दूबे की जोड़ी मैदान पर थी लग रहा था कि राजस्थान यह मुकाबला आसानी से जीत लेगा। लेकिन दिल्ली के गेंदबाजों ने वापसी करते हुए इस जोड़ी को धराशायी कर राजस्थान की उम्मीदों को तोड़ा दिया। रोवमन पॉवेल 13 और ट्रेंट बोल्ट एक रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 201 रन ही बना सकी और मुकाबला 20 रन से हार गई। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खलील अहमद, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिये। अक्षर पटेल और रसिख सलाम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अभिषेक पारेल (65) और जैक फ्रेजर-मक्गर्क (50) रनों की बेहतरीन पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 222 रनों का लक्ष्य दिया था। आज

यहां अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की जैक फ्रेजर और अभिषेक पारेल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए (60) रन जोड़े। पांचवें ओवर में आर अश्विन ने जैक फ्रेजर को फरेरा के हाथों कैच आउट कराया। जैक फ्रेजर ने 20 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (50) रन बनाये। शो होप एक रन बनाकर रनआउट हुये। 10वें ओवर में अश्विन ने अक्षर पटेल (15) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अभिषेक पारेल ने 36 गेंदों में सात चौके और तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक (65) रन बनाये। उन्हें अश्विन ने संदीप के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान रिषभ पंत ने 13 गेंदों में 15 रन बनाये। उन्हें चहल ने बोल्ट के हाथों कैच आउट कराया। 14वें ओवर में गुलबदीन नईब 15 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स ने 19 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुये (41) रनों की पारी खेली। रासिख सलाम (9) रन बनाकर आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। कुलदीप यादव (5) रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा किया।

राजस्थान रॉयल्स की ओर से रवि अश्विन ने तीन विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

ताशकंद में उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

नई दिल्ली। भारतीय सीनियर महिला टीम आगामी फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान 31 मई और 4 जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ ताशकंद में दो दोस्ताना मैच खेलेगी। मुख्य कोच लंगम चाओबा देवी ने सोमवार, 6 मई, 2024 को 30 खिलाड़ियों की संभावित सूची की घोषणा की, जो 16 मई से हैदराबाद में शुरू होने वाले राष्ट्रीय टीम शिविर में शामिल होंगे। दो सप्ताह का प्रशिक्षण शिविर हैदराबाद में श्रीनिदी डेक्कन एफसी के डेक्कन एरिना में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम 29 मई को उज्बेकिस्तान के लिए रवाना होगी। भारत ने आखिरी बार फरवरी में तुर्की महिला कप के दौरान भाग लिया था, जहां वे अलान्या में कोसोवो के बाद उपविजेता रहे थे। भारत ने आखिरी बार नवंबर 2023 में एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर राउंड 2 में उज्बेकिस्तान का सामना किया था, जो ताशकंद में ही आयोजित किया गया था। उस अवसर पर मेजबान टीम ने 3-0 से जीत हासिल की थी। भारत वर्तमान में फीफा विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर है, जबकि उज्बेकिस्तान 48वें स्थान पर है।

एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव एम सत्यनारायण ने कहा, इस वर्ष सीनियर महिला टीम के लिए फीफा मैच विंडो के दौरान यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय दौरा है, इससे पहले वे तुर्की में उपविजेता रही थीं। वे उज्बेकिस्तान से भिड़ेंगे, जो उनसे काफी ऊपर है, और ये दो मैच टीम के लिए सीखने का अच्छा मौका होगा।

भारतीय सीनियर महिला टीम के हैदराबाद कैंप के लिए 30 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची

गोलकीपर: अंशिका, मैबाम लिनथोइंगम्बी देवी, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, नंदिनी, पायल रमेश बसुदे, श्रेया हुड्डा।

डिफेंडर: अरुणा बैग, अस्तम ओरांव, हेमम शिल्की देवी, जूली किशन, लोइटोंगबाम आशालता देवी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू, थोनाओजम क्रिटिना देवी, वांगखेम लिनथोइंगम्बी देवी।

मिडफील्डर: अंजू तमांग, कार्तिका अंगमुथु, नाओरेम प्रियंगका देवी, पवित्रा मुरुगेसन, संगीता बसफोर

फॉरवर्ड: ज्योति, काजोल ह्यूबर्ट डिसूजा, करिश्मा पुरुषोत्तम शिरवोइकर, काव्या पक्कीरिसामी, लिंडा कोम सेर्टो, मनीषा, नेहा, प्यारी ज़ाक्सा, संध्या रंगनाथन, सौम्या गुगुलोथ।

ताशकंद में भारतीय सीनियर महिला टीम के दोस्ताना मैच

31 मई: उज्बेकिस्तान बनाम भारत

4 जून: उज्बेकिस्तान बनाम भारत

दबाव में अच्छे फैसले लेता है रोहित, उसकी मौजूदगी टी20 विश्व कप में अहम : युवराज

नई दिल्ली। भारत के पूर्व हरफनमौला युवराज सिंह का मानना है कि रोहित शर्मा समझदार कप्तान है और दबाव में अच्छे फैसले लेते हैं जिससे टी20 विश्व कप में भारत के लिये उनकी मौजूदगी अहम होगी। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम पिछले साल 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में पहुंची और टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी टीम ने जगह बनाई थी। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में भी भारतीय टीम की कमान रोहित के हाथ में होगी। टी20 विश्व कप के ब्रांड दूत युवराज ने आईसीसी से कहा,'' रोहित की मौजूदगी काफी अहम होगी। हमें अच्छे कप्तान और समझदार कप्तान की जरूरत है जो दबाव में अच्छे फैसले ले सके। रोहित ऐसा ही कप्तान है।

भारत ने आखिरी बाद 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैम्पियंस ट्रॉफी के रूप में आखिरी आईसीसी खिताब जीता था। युवराज का मानना है कि भारत को रोहित जैसे कप्तान की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब हम 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में हारे थे तब रोहित ही कप्तान था। उसने बतौर कप्तान पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। हमें उसके जैसे कप्तान की ही जरूरत है। भारतीय टीम में 2007 में पदार्पण करने वाले रोहित के सफर को युवराज ने करीब से देखा है। रोहित से पहली मुलाकात की याद के बारे में पूछने पर युवराज ने मजाकिया लहजे में कहा,'' बहुत खराब अंग्रेजी। उन्होंने कहा,'' बहुत मजेदार शख्स है। बोरिवली (मुंबई) की सड़कों से ,हम उसे हमेशा छेड़ते आये हैं। लेकिन दिल का बहुत अच्छा है। युवराज ने कहा, इतनी सफलता मिलने के बाद भी वह बदला नहीं है। यही रोहित शर्मा की खासियत है। हमेशा हंसी मजाक करता रहता है। बेहतरीन कप्तान और मेरे करीबी दोस्तों में से एक। मैं चाहता हूं कि वह विश्व कप जीते। वह इसका हकदार है।

प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये लखनऊ को हराने उतरेगी सनराइजर्स

हैदराबाद,एजेंसी। अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0. 065) लखनऊ (माइनस 0. 371) से बेहतर है। अंकतालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं। सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए। ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी

गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर हो गए हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को भी चोट लगी है। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीनुल हक, युवा यश ठाकुर, स्टोइनिस और स्पिनर कृणाल पंड्या तथा रवि बिश्नोई पर दारोमदार होगा।

ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम से बाहर किए जाने पर फ्रेजर-मैकगर्क का रिएक्शन

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप टीम से बाहर होने के बाद, युवा ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने उस मजबूत टीम में जगह बनाने की चुनौतियों का खुलासा किया है, जिसमें अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और ट्रैविस हेड शामिल हैं। युवा ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ने कहा कि वह खुद को पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नहीं देख सकते क्योंकि लाइनअप में पहले से ही टिम डेविड और कैमरून ग्रीन जैसे खिलाड़ी हैं। फ्रेजर-मैकगर्क आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक बेंच प्लेयर बनने से लेकर जून में टी20 विश्व कप की यात्रा के लिए तैयार ऑस्ट्रेलियाई टीम में एक स्थान के लिए बातचीत में शामिल किए गए। 22-वर्षीय ने कहा, आप इसे दो तरीकों से देख सकते हैं। डेढ़ महीने पहले मैं इस दौर में नहीं था। उन्हें चयनकर्ताओं को शायद डेढ़ महीने पहले इस बात का अच्छा अंदाज़ा था कि टीम क्या है, वे इसे बनाने की कोशिश कर रहे थे। इसमें फिट होना भी मुश्किल है। आपके पास डेविड वार्नर हैं, जो तीनों प्रारूपों में अब तक के हमारे सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाज हैं। आपके पास ट्रैविस हेड हैं, जो आईपीएल में भी धमाल मचा रहे हैं और पिछले 18 महीनों से लगातार चमक रहे हैं। फिर मिचेल मार्श हैं और वह कप्तान भी हैं। मैं वास्तव में खुद को पांच या छह पर बल्लेबाजी करते हुए नहीं देख सकता। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कई मौकों पर बाउंड्री रोप को पार करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करके अपना नाम कमाया। छह आईपीएल 2024 मैचों में फ्रेजर-मैकगर्क ने दिल्ली की ओर से कमर कस ली है और शानदार फॉर्म में हैं, 233.3 की स्ट्राइक रेट से 259 रन बनाए हैं। फ्रेजर-मैकगर्क ने कहा, तो मैं इसके बारे में इसी तरह सोचता हूं। यह ठीक है। उम्मीद है कि इसके लिए और समय मिलेगा। अगर मुझे किसी तरह से यात्रा रिजर्व (स्थान) मिल जाता है तो बहुत अच्छा है, मुझे वहां अच्छा अनुभव मिल सकता है, लेकिन उसकी चूक से वास्तव में मुझे ज्यादा परेशानी नहीं हुई क्योंकि मैं इस स्थिति में नहीं था कि मुझे अभी तक ऐसा लगे कि विश्व कप क्रिकेट आईपीएल और फ्रेंचाइजी क्रिकेट से बहुत अलग है।

जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं, कहा मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच पोलार्ड ने

मुंबई। मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है। मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव (नाबाद 102) ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा। मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी।

टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा,''हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिये हैं।'' उन्होंने कहा,''हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है। पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। उन्होंने कहा,''वह स्वाभाविक तौर पर आक्रामक बल्लेबाज है। वह हर गेंद को पीटन चाहता है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिये सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है। लेकिन बहुत ज्यादा नियंत्रण की भी जरूरत नहीं है क्योंकि आजकल क्रिकेट में इतने रन बन रहे हैं। वहीं सनराइजर्स के सहायक कोच

सिमोन हेलमोट ने कहा कि सूर्यकुमार ने शानदार पारी खेलकर मैच उनकी जद से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा,''वह अद्भुत क्रिकेटर है और विश्व कप में भी वह अपनी छाप छोड़ेगा। उसे गेंदबाजी करना काफी कठिन है। उसके जैसा बल्लेबाज मिलना मुश्किल है।

एक नजर

देश में नहीं, सरहद पार से मिल रहा है कांग्रेस को समर्थनः स्मृति ईरानी

अमेठी,एजेंसी। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने मंगलवार को कहा कि देश में कांग्रेस की बत्ती गुल हो चुकी है मगर अचरज की बात है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को सरहद पार से जिताने की वकालत की जा रही है। श्रीमती ईरानी ने यहां एक चुनावी जनसभा में कहा अब मेरी लड़ाई कांग्रेस प्रत्याशी से नही रह गई है।अब तो पाकिस्तान के नेता कह रहे है कि स्मृति ईरानी को हराना चाहिए। जिस पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। मैं पूछतीं हूं कि यह रिश्ता क्या कहलाता है। उन्होने देश हित में भाजपा को वोट देने की अपील करते हुये कहा इस लोकतंत्र में हनुमान बन जाओ। आने वाली 20 मई को कमल पर बटन दबाओ। भाजपा नेता ने कहा नरेंद्र मोदी जी के दिए टीका को सभी ने लगवाया जिसकी कीमत रुपया 1200 है। जो योगी मोदी को गाली देते हैं वह भी टीका लगवाते हैं। स्मृति ने कहा अभी तक कांग्रेस के प्रत्याशी से चुनाव लड़ते थे लेकिन अब पाकिस्तान के एक नेता ने बोला है कि स्मृति ईरानी को हराना चाहिए। हमने बोला कि तुमसे पाकिस्तान नहीं संभालता अमेठी की क्या बात करते हो। अगर मेरी आवाज पाकिस्तान तक जाए तो मैं कहना चाहती हूं कि यह अमेठी है। जहां पर नरेंद्र मोदी ने ए के 203 राइफल की फैक्ट्री लगाई है और यही राइफल की फैक्ट्री सरहद पर पाकिस्तान परस्त आतंकियों को ढेर करने का काम करेगी।

सांसद बनकर अरबपति बने ओवैसी, पर हैदराबाद के मतदाता रहे गरीब : समीर

हैदराबाद,एजेंसी। हैदराबाद डीसीसी के अध्यक्ष और हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार मोहम्मद वलीउल्लाह समीर ने मंगलवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष औ सांसद असदुद्दीन ओवैसी पर शहर की स्थायी गरीबी को नजरअंदाज करते हुए अकूत संपत्ति इकट्ठा करने का आरोप लगाया। श्री समीर ने यहां के निकट कारवां निर्वाचन क्षेत्र में एक विशाल बाइक रैली से पहले पत्रकारों से बात करते हुए कुछ राजनीतिक नेताओं की बढ़ती किस्मत और उनके घटकों के बीच लगातार गरीबी के बीच स्पष्ट अंतर पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा,अगर एमआईएम या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीतती है तो हैदराबाद गरीब मतदाताओं लेकिन अमीर नेताओं का निर्वाचन क्षेत्र बना रहेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल कांग्रेस की जीत ही लोगों को ठोस लाभ पहुंचा सकती है। उन्होंने संसद सदस्य के रूप में पिछले 20 वर्षों में एमआईएम अध्यक्ष और हैदराबाद के मौजूदा सांसद श्री ओवैसी की घोषित संपत्ति में तेजी से वृद्धि की ओर इशारा किया। उनके मुताबिक, श्री औवेसी की घोषित संपत्ति 20 लाख करोड़ रुपये से बढ़ गई है. 2004 में 39.02 लाख रु. 2009 में 93.02 लाख रु. 2014 में 4.06 करोड़ रु. 2019 में 13 करोड़, और रु. 2024 में 19 करोड़। यह 2004 के बाद से संपत्ति में लगभग 49 गुना वृद्धि दर्शाता है। श्री समीर ने कहा,अथाह संपत्ति कमाने में कोई बुराई नहीं है लेकिन जब संचित संपत्ति आय के ज्ञात स्रोतों से मेल नहीं खाती है, तो यह संदेह पैदा करता है कि यह भ्रष्टाचार, भूमि कब्ज़ा या अन्य अवैध तरीकों से अर्जित किया गया हो सकता है। उन्होंने श्री ओवेसी की असाधारण जीवनशैली की आलोचना करते हुए कहा कि जहां एमआईएम नेता ने चार एकड़ जमीन पर एक भव्य निवास बनाया, वहीं पुराने शहर में लगभग 84 प्रतिशत मुस्लिम 100 वर्ग फुट से छोटे घरों में रहते हैं। श्री समीर ने आगे तर्क दिया कि पिछले कुछ वर्षों में श्री ओवैसी की संपत्ति कई गुना बढ़ गई है, लेकिन हैदराबाद के लोगों ने अपनी जीवन स्थितियों में महत्वपूर्ण सुधार नहीं देखा है। उन्होंने कहा कि एक सर्वेक्षण से पता चला है कि हैदराबाद के लगभग 23 प्रतिशत निवासी गरीबी में जी रहे हैं, लगभग 13 प्रतिशत गरीबी रेखा से नीचे हैं।

लोकसभा के तीसरे चरण के चुनाव में भाजपा का सफाया तयः अखिलेश यादव

इटावा,एजेंसी। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि तीसरे चरण में भाजपा का सफाया तय हो चुका है। पहले दो चरणों में चारो खाने चित ही चुकी भाजपा का तीसरे चरण में सफाया तय है। अपनी पत्नी मैनपुरी संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार श्रीमती डिंपल यादव के समर्थन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लोकतंत्र तभी तो सुरक्षित रहेगा जब वोट डालने का मौका मिले, अधिकार मिले। इसीलिए हर एक मौके पर कहा ये वोट डालने का अधिकार भी छीन लेंगे।

यादव ने कहा कि ये फेज भारतीय जनता पार्टी का सफाया कर देगा। सब लोग कह रहे हैं कि बीजेपी आएगी तो ये लोकतंत्र और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का दिया हुआ संविधान खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जो मोटर साइकिल 40 हजार, 50 हजार की आती थी वो अब कितने की आती है। 2014 के बाद आप जितनी गाड़ियां खरीदो उनकी कीमत दोगुनी हो गई की नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा जानबूझ कर गर्मी में वोटिंग करा रही है। यह वोटिंग एक महीने पहले भी हो सकता है। मैं आपसे अपील करता हूं कि ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करें। यह वोट आपका जीवन बदल सकता है। जितनी वोटिंग होगी, उससे लोकतंत्र और संविधान मजबूत होगा। सरकार के जुमले और झूठ का नाम गारंटी है। महंगाई इसलिए है, क्योंकि सरकार मुनाफा ले रही। न इन्वेस्टमेंट आया है और न ही रोजगार। डिफेंस कॉरिडोर कहा चल रहा है। भर्ती परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ जगह से सूचना आ रही है कि भाजपा वाले अभद्रता कर रहे हैं। उन्होने कहा कि ये हारने की खिसियाहट है। भाजपा की बहुत बुरी हार होने जा रही है। आप लोग भाजपा की चतुराई से सावधान रहे। समाज में जो गलत है, वो गलत है। पुलिस की नौकरी तीन साल की कर दी जाएगी। बड़े अधिकारी भी आउटसोर्स हों जाएंगे। संविधान मंथन हो रहा है। भाजपा में खींचतान चल रही। मैनपुरी संसदीय सीट से सपा उम्मीदवार डिंपल ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। डिंपल यादव ने कहा कि बेरोजगारी औ रमहंगाई बढ़ रही है। भाजपा में नीति और नीयत की खोंट है। आज देश का लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। वोट डालने के बाद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा देश के संविधान को बचाना है। इस चुनाव में गठबंधन को बढ़त मिलना तय है।

कर्नाटक में 25 लोस सीटें जीतेगी भाजपाः येदियुरप्पा

बेंगलुरू। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने मंगलवार को मौजूदा लोकसभा चुनाव में राज्य में कम से कम 25 सीटों पर अपनी पार्टी की जीत का दावा किया।

श्री येदियुरप्पा शिवमोगा में एक मतदान केंद्र पर अपने पुत्रों- कर्नाटक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा और पार्टी उम्मीदवार बीवाई राघवेंद्र के साथ अपना वोट डाला। इस मौके पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा , हम कम से कम 25 लोकसभा सीटें जीतने जा रहे हैं। माहौल बहुत अच्छा है। राघवेंद्र 2.5 लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीतेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। शिवमोगा निर्वाचन क्षेत्र में श्री राघवेंद्र तथा कांग्रेस उम्मीदवार गीता शिवराजकुमार और निर्दलीय प्रत्याशी केएस ईश्वरप्पा के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है। अपने पिता की भावनाओं को दोहराते हुए श्री विजयेंद्र ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के समर्थन में मतदाताओं के बीच एकता पर जोर दिया। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद उन्होंने यहां भाजपा की जीत पर भरोसा जताया। श्री विजयेंद्र ने जद(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े %अश्लील वीडियो% मामले के संबंध में कांग्रेस पार्टी पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रज्वल को देश छोड़ने से नहीं रोकने के लिए कांग्रेस की आलोचना की और राजनीतिक लाभ के लिए स्थिति का फायदा उठाने की उनकी मंशा का संकेत दिया। इस बीच कलाबुर्गी से भाजपा उम्मीदवार उमेश यादव ने पार्टी की सफलता के बारे में आशा व्यक्त करते हुए मंगलवार को अपना भाग्यशाली दिन बताया और क्षेत्र में भाजपा की ऐतिहासिक जीत की बात कही। इसी तरह बेल्लारी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार बी श्रीरामुलु ने चुनावी प्रक्रिया में लोकतांत्रिक भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। श्रीरामुलु ने प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए श्री मोदी का समर्थन भी किया। कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण में सत्तारुढ़ कांग्रेस के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी जा रही है।

बढ़ रही है छोटे मझोले शापिंग सेंटरों की वीरानीः नाइट फ्रैंक रिपोर्ट

नई दिल्ली,एजेंसी। नाइट फ्रैंक इंडिया की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश में आन लाइन खरीदारी के बढ़ते रुझान और बड़े शापिंग माल के प्रति ग्राहकों के आकर्षण के कारण बहुत से खुदरा शापिंग सेंटर में वीरानगी छायी हुई है। यह रुझान ऐसे समय दिखा है जबकि देश में खुदरा कारोबार की जगह की आपूर्ति में वृद्धि हो रही है। मंगलवार को जारी इस रिपोर्ट के अनुसार देश में 29 प्रमुख शहरों में शॉपिंग सेंटरों में वीरान हुई जगह का सकल क्षेत्र फल 2022 से साल दर साल 59 प्रतिशत बढ़ गया है। रिपोर्ट के अनुसार इनमें वीरान हुये या बहुत कम चल रहे खुदरा शापिंग स्थलों का कुल क्षेत्रफल 1.33 करोड़ वर्ग फुट तक पहुंच गया है। शापिंग स्थलों के कई डेवलपर उस जगह को आवासीय या वाणिज्यक परिसर का रूप दे रहे हैं, या बेच कर उससे निकलने में लगे हैं। यह समस्या एनसीआर-दिल्ली में ज्यादा बड़ी है।

नाइट फ्रैंक इंडिया रिपोर्ट की रिपोर्ट घोस्ट शॉपिंग सेंटर्स के अनुसार बंद हो चुके शापिंग सेंटर के रूप में 67 अरब रुपये की सम्पत्ति फंसी है। रिपोर्ट के अनुसार देश के शीर्ष आठ शहरों में 2023 में 16 खुदरा केंद्र स्थायी रूप से बंद हो गये और उनमें कुल शापिंग केंद्रों की संख्या घटकर 263 रह गयी। रिपोर्ट के अनुसार मुख्य बाजरों में शापिंग सेंटरों की संख्या बढ़ी है। वर्ष 2023 के अंत में इन केंद्रों में शापिंग माल की संख्या 64 हो गयी थी जो एक वर्ष पहले 57 थी। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली में वीरान शापिंग स्टोर का क्षेत्र बढ़ कर 53 लाख वर्ग फुट (सालाना 58 प्रतिशत की वृद्धि) के साथ सबसे अधिक है।इसके बाद मुंबई में 21 लाख वर्ग फुट (86त्न की वृद्धि) और बेंगलुरु में 20 लाख वर्ग फुट (46 प्रतिशत की वृद्धि) शापिंग के स्थान वीरान हो गये हैं। हैदराबाद एकमात्र ऐसा शहर है, जहां वीरान शापिंग स्थल का क्षेत्र साल-दर-साल 19 प्रतिशत गिर कर 2023 में 9 लाख वर्ग फुट आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार आठ नये खुदरा केंद्रों के जुड़ने के बावजूद, 2023 में शॉपिंग सेंटरों की कुल संख्या घटकर 263 रह गयी, क्योंकि वर्ष 16 शॉपिंग सेंटर बंद हो गये। बंद पड़ी खुदरा कारोबार की जगहों को ध्वस्त कर आवासीय या वाणिज्यिक परिसम्पत्तियों में बदला जा रहा है या डेवलपर उन्हें नीलाम कर रहे हैं या उन्हें बंद किया जा रहा है। नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, ग्रेड ए मॉल का प्रदर्शन अच्छा बना हुआ है। वहां जगहें भरी हुई हैं, ग्राहकों का आना-जाना और खरीदारी अच्छी है। इसके विपरीत, ग्रेड सी संपत्ति जिन्हें घोस्ट शॉपिंग सेंटर (वीरान खुदरा शापिंग केंद्र) के रूप में वर्गीकृत किया गया है वे कारोबार के मामले में पिछड़ चुके हैं और उन सम्पत्तियों के मालिक संपत्तियों के पुनरुद्धार के उपाय करने में लगे हैं या वे उन्हें बेचने का पयास कर रहे हैं।

हिस्ट्रीशीट आंतरिक पुलिस दस्तावेज, सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए- उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली,एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने हिस्ट्री शीट के सार्वजनिक इस्तेमाल को वैध ठहराने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को मंगलवार को रद्द कर दिया और स्वत: संज्ञान लेने की अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी नीतियों पर फिर से विचार कर हिस्ट्री शीट के इस्तेमाल में संशोधन पर विचार करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने दिल्ली वक्फ बोर्ड रिश्वत मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान के मामले की सुनवाई करते हुए कहा, हिस्ट्रीशीट एक आंतरिक पुलिस दस्तावेज है और इसे सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए।

पीठ ने पुलिस आयुक्त को यह भी निर्देश दिया कि हिस्ट्रीशीट और उनकी सामग्री का ऑडिट करने के लिए संयुक्त आयुक्त स्तर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को नामित किया जाए, ताकि गोपनीयता बनाए रखने और ऐसे व्यक्तियों के नाम हटाने की अनिवार्यता सुनिश्चित की जा सके, जो किशोर/बच्चे के मामले की जांच के दौरान निर्दोष पाए जाते हैं और हिस्ट्रीशीटर के संबंध की श्रेणी से बाहर किए जाने के हकदार पाए जाते हैं। शीर्ष अदालत ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनके संशोधित स्थायी आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए और यह आदेश इस (अमानतुल्ला खान) मामले में भी लागू किया जाएगा। पीठ ने कहा, यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि यदि कोई पुलिस अधिकारी संशोधित आदेश या निर्देश के खिलाफ काम करता पाया जाता है तो ऐसे दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी आवश्यक होगी। शीर्ष अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान आप विधायक अमानतुल्ला खान के नाबालिग रिश्तेदारों के नाम हिस्ट्रीशीट से हटाने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने दिल्ली पुलिस को यह भी निर्देश दिया कि उसके द्वारा वर्तमान मामले में 21 मार्च 2024 को पारित संशोधित स्थायी आदेश को तुरंत लागू किया जाए। उसने अपने आदेश में कहा था कि हिस्ट्रीशीटर की श्रेणी से निर्दोष पाए गए सभी लोगों के नाम हटा दिया जाए। पीठ के समक्ष विधायक खान के अधिवक्ता ने दलील दी कि हिस्ट्रीशीट में नाबालिगों सहित रिश्तेदारों के नाम का उल्लेख किया गया था। इस मामले में उनकी निजता और गोपनीयता के अधिकार को प्रभावित किया गया है। यह अपील आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्ला खान द्वारा दायर की गई थी, जिसमें दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिस्ट्रीशीटर और खराब चरित्र के रूप में सूचीबद्ध करने के फैसले के संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। विधायक खान पर कथित तौर पर दिल्ली वक्फ बोर्ड के धन का दुरुपयोग और रिश्वतखोरी के आरोप हैं। इससे पहले दिल्ली पुलिस के अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष कहा था कि उन्होंने सक्षम प्राधिकारी को पंजाब पुलिस नियम 1934 के प्रावधानों में उपयुक्त संशोधन करने की सलाह दी थी, जो वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में लागू किए जा रहे हैं।

लोकसभा चुनावः रायबरेली लोकतंत्र का मजबूत पहरेदारः प्रियंका

रायबरेली,एजेंसी। कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि रायबरेली से उनका दिल का रिश्ता है और यह लोकसभा क्षेत्र लोकतंत्र का मज़बूत पहरेदार है। गांधी परिवार के करीबी और पार्टी प्रत्याशी किशोरीलाल शर्मा के अमेठी संसदीय क्षेत्र में चुनाव संचालन समिति की बैठक में शिरकत करने के बाद भाई और पार्टी प्रत्याशी राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक में श्रीमती वाड्रा ने कहा हम सभी में एक चीज़ समान है कि हम सब अन्याय के खिलाफ हमेशा लड़े है और इस संघर्ष का इतिहास 100 सालों से ज़्यादा का है। जनवरी 1921 में जब बाबा रामचंद्र और मदारी पासी जी के नेतृत्व में अवध का किसान आंदोलन चरम पर था, पंडित जवाहरलाल नेहरू उसमे भागीदारी के लिए आए थे, रायबरेली की ही पावन धरती पर ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ़ लड़ते हुए वो पहली बार गिरफ़्तार हुए थे। तब से इस धरती से जुड़ कर सेवा और संघर्ष का अभियान लगातार जारी है। सेवा के सौ साल का ये सफर रायबरेली के राहुल अब आपके सहयोग और आशीर्वाद से आगे ले चलेंगे। उन्होंने मोदी सरकार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि आज देश में ब्रिटिश राज जैसे हालात व्याप्त हैं। मोदी सरकार की नीतियां गरीबों को ध्यान में रख कर नहीं बनाई जा रही बल्कि खरबपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट बताती हैं कि आज भारत में गैरबराबरी की हालत

अंग्रेजों के राज से भी ख़राब है। लोकतंत्र को मजबूत करने वाले सभी संस्थान कमज़ोर किए जा रहे है। महात्मा गांधी, पंडित नेहरू ने अंग्रेज़ो के खिलाफ लड़ाई जनता के अधिकारों को मजबूत करने के लिए लड़ी थी, उन्हे क्या पता था की आजाद भारत में ऐसा भी दिन आएगा जब सरकार जनता को अधिकार विहीन करने पर अमादा हो जाएगी। उन्होने कहा कि करोड़ों लोगों की ज़िंदगी बदलने वाली आरक्षण जैसी व्यवस्था देने वाले संविधान को बदलने की कोशिश हो रही है। हमने सदा विकास को तरजीह दी है, एक विकसित और संपन्न रायबरेली का सपना देखा है। हमें जब मौका मिला, रायबरेली में हमने रोज़गार और विकास के अवसर पैदा किए लेकिन मोदी सरकार ने हमारे द्वारा शुरू की गई कई परियोजनाओं को या तो बंद कर दिया या अपने नाम से प्रचारित किया।

प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के महासमुद्र में डूबी भाजपा आज दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गयी है। यहाँ तक पहुंचने के लिए उसने हर गलत रास्ता अपनाया है। गुजरात में जिस पुल के टूटने से सैकड़ो लोगो को जान गई, भाजपा ने उस कम्पनी से भी चंदा लिया और जानलेवा कोविडशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से सिर्फ चंदे की लालच में पूरे देश का सौदा कर दिया। सिर्फ सत्ता में बने रहने के लिए ये किसी भी सीमा तक जाने पर उतारू है, चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के खाते सीज़ करना और जनता द्वारा चुने हुए दे मुख्यमंत्रियों को जेल भेजना इस बात की बानगी है। श्रीमती गांधी ने कहा की जनता के प्रति सत्ता की जवाबदेही होनी चाहिए। आप और हम मिलकर, लड़कर, भारत में पुन: लोकतांत्रिक मूल्यों को स्थापित करेंगे। रायबरेली का चुनाव तो महज़ औपचारिकता है! रायबरेली की जनता अपने राहुल गाँधी को ऐसा विराट समर्थन देने जा रही है जिसकी दूसरी मिसाल नहीं होगी।

गोरखपुर से अकासा एयर की दिल्ली और बेंगलुरु के लिए शुरु होगी उड़ान

गोरखपुर,एजेंसी। विमानन सेवा प्रदाता कम्पनी अकासा एयर गोरखपुर से दिल्ली और गोरखपुर से बेंगलुरु के लिए नॉन स्टॉप उड़ान शुरू करने जा रही है जिसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से शेड्यूल को मंजूरी मिलने के बाद टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गई है। अकासा एयर की फ्लाइट से गोरखपुर से दिल्ली की दूरी महज एक घण्टे 15 मिनट में तथा गोरखपुर से बेंगलुरु की दूरी 2 घण्टे 35 मिनट में पूरी हो जाएगी।



अकासा एयर की वेबसाइट के मुताबिक 29 मई से गोरखपुर से दिल्ली की फ्लाइट दोपहर बाद 2 बजकर 45 मिनट पर रवाना होकर शाम चार बजे दिल्ली पहुंचेगी जबकि दिल्ली से गोरखपुर की फ्लाइट शाम 4 बजकर 55 मिनट पर उड़ान भरकर 6 बजकर 45 मिनट पर गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेगी। इसी तरह 29 मई से ही बेंगलुरु की फ्लाइट का भी शुभारंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अकासा की फ्लाइट बेंगलुरु से पूर्वाह्न 11 बजकर 15 मिनट पर टेक ऑफ करेगी और 2 बजकर 05 मिनट पर गोरखपुर पहुंचेगी जबकि गोरखपुर से बेंगलुरु के लिए विमान देर शाम 7 बजकर 20 मिनट पर उड़ान भरेगा और रात में 9 बजकर 55 मिनट पर बेंगलुरु पहुंचेगा। 29 मई से इन दोनों महानगरों ;दिल्ली व बेंगलुरु की एयर कनेक्टिविटी को लेकर अपनी फ्लाइट सेवा के लिए अकासा एयर ने टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी है। अकासा एयर की 29 मई से बेंगलुरु व दिल्ली के लिए हवाई सेवा शुरू होने से पहले ही यहां एलाइंस एयर और इंडिगो की प्रमुख शहरों के लिए उड़ान जारी है और जल्द ही अकासा की मुंबई के लिए भी उड़ान सेवा शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा इंडिगो भी अगले दो माह में गोरखपुर से बेंगलुरु के बीच उड़ान शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के गोरखपुर के निदेशक आरके पराशर का कहना है कि अधिक विमानन कम्पनियों की तरफ से फ्लाइट सेवा शुरू होने से किराए में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और इसका लाभ यात्रियों को मिलेगा। उन्हें कम किराए पर यात्रा करने का अवसर मिलेगा। गौरतलब है कि गोरखपुर से दिल्ली,मुम्बई, कोलकाता, हैदराबाद या बेंगलुरु जाने में ट्रेन से 16 से 36 घण्टे लगते हैं। गोरखपुर से वर्तमान में देश की राजधानी, आर्थिक राजधानी समेत सात प्रमुख शहरों के लिए उड़ान सेवा उपलब्ध है।

मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी, सैफुल्लाह सिद्दिकी द्वारा आरडी प्रिंटिंग एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-08, नोएडा (यूपी), से छपवा कर एन-81, बटला हाउस, जामिया नगर पुलिस स्टेशन, जामिया नगर, नई दिल्ली-110025 से प्रकाशित किया। सर्वाधिकार सुरक्षित, किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा। (संपादक- सैफुल्लाह सिद्दिकी)